हरिभूमि

विराट भूमि

5

जबलपुर, रविवार 12 अक्टूबर 2025

login : www.haribhoomi.com

शहडोल | बुढ़ार | धनपुरी | ब्यौहारी | जयसिंहनगर | बाणसागर

## खबर संक्षेप

### ब्लैकमेल करने वाला आरोपी जबलपुर से गिरफ्तार

**शहडोल।** जिले के सिंहपुर थाना क्षेत्र में महिला से अश्लील वीडियो बनाकर ब्लैकमेल करने और सोशल मीडिया पर वायरल करने का मामला सामने आया है। पीड़ित महिला ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि एक व्यक्ति ने व्हाट्सएप कॉल के माध्यम से उसका अश्लील वीडियो बनाकर उसे ब्लैकमेल किया। वहीं परिचित महिला साबिया पिता मजीद, उसका भाई बबलू पिता मजीद और बिलाल पिता फुद्दू मुसलमान ने वीडियो वायरल करने की धमकी देकर महिला से पैसों की मांग की और फेसबुक पर वीडियो अपलोड कर उसकी बदनामी की। सिंहपुर पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए ढ्ढ्ञ एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध किया और तीनों आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है। मामले में फरार चल रहा आरोपी हिमांशु कालवांडे पिता संजय कालवांडे, निवासी सरकारी कुआं, महाराणा प्रताप नगर, जबलपुर को पुलिस ने 10 अक्टूबर को दबोच लिया। आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया है। पुलिस द्वारा मामले की आगे जांच की जा रही है।

### विश्वविद्यालय में स्वच्छता पखवाड़ा अंतर्गत पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित

**शहडोल।** पंडित शंभूनाथ शुक्ल विश्वविद्यालय के वनस्पति शास्त्र विभाग द्वारा मध्यप्रदेश उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार स्वच्छता पखवाड़ा अंतर्गत पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम कुलगुरु के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुआ, जिसका शुभारंभ संकाय अध्यक्ष, जीवविज्ञान डॉ. प्रवीण शर्मा द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। मुख्य वक्ता डॉ. ममता प्रजापति, सहायक प्राध्यापक, रसायन शास्त्र विभाग ने प्लास्टिक प्रदूषण और उसके पर्यावरणीय दुष्परिणामों पर प्रकाश डाला। उन्होंने विद्यार्थियों से पेड़-पौधों को मित्र की तरह मानने और उनका संरक्षण करने की अपील की। विशेष वक्ता डॉ. हरबंस लाल मरावी, विभागाध्यक्ष एमबीए, ने जीवन में पेड़ों के महत्व और अत्यधिक दोहन से होने वाले पर्यावरणीय नुकसान की जानकारी दी। कार्यक्रम की संकल्पना एवं संचालन डॉ. उमासिंह, विभागाध्यक्ष वनस्पति शास्त्र ने किया। व्याख्यान के पश्चात विश्वविद्यालय की नवलपुर परिसर में पौधारोपण किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। आभार प्रदर्शन डॉ. हेमंत पाठक ने किया। कार्यक्रम की सफलता में श्रीमती अंजलि तिवारी, अमन साकेत, कु. स्मिता गुप्ता, बुद्ध सिंह टेकाम और राजेश केवट का विशेष सहयोग रहा।

### विद्यार्थियों ने किया डाकघर और बीमा कार्यालय का शैक्षणिक भ्रमण

**शहडोल।** शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय रघुराज क्रमांक दो के कामर्स संकाय के विद्यार्थियों ने प्राचार्य पी.के. मिश्रा के मार्गदर्शन में व्याख्याता डॉ. मनोज श्रीवास्तव और सकीना अंजुम के साथ भारतीय जीवन बीमा निगम और मुख्य डाकघर शहडोल का शैक्षणिक भ्रमण किया। छात्रों ने बीमा के इतिहास, महत्व, करियर संभावनाओं सहित डाकघर में स्पीड पोस्ट, साधारण डाक, बीमा, बैंकिंग और आधार अपडेट जैसी सेवाओं की जानकारी ली। अधीक्षक पुष्पेंद्र सिंह एवं पोस्ट मास्टर सुप्रियल मिंज सहित डाकघर स्टाफ ने विद्यार्थियों को कार्य प्रणाली से अवगत कराया।

# 55 वर्षीय उषा कोल को मिला नया जीवन

## शहडोल में हुआ जटिल ब्रेन ऑपरेशन सफल, अब नहीं जाना पड़ेगा महानगरों तक

शहडोल।

**संभाग के उमरिया जिले के नौरोजाबाद कॉलरी की 55 वर्षीय कर्मचारी उषा बाई कोल, जिन्हें सबड्यूरल हेमेटोमा नामक गंभीर मस्तिष्क रोग था, अब पूरी तरह स्वस्थ हैं। उषा बाई को आदित्य हॉस्पिटल, शहडोल में भर्ती किया गया था, जहां फोर्टिस हॉस्पिटल दिल्ली से अनुभव प्राप्त डॉ. सूर्यम द्विवेदी (एमबीबीएस, एमएस, डीएनबी न्यूरोसर्जरी) ने उनका जटिल ऑपरेशन कर नया जीवन दिया।**





बीते महीने की 22 तारीख को उषा बाई को बेहोशी की हालत में अस्पताल लाया गया था। प्रारंभिक परीक्षण के बाद उन्हें कुछ दिनों तक ऑब्जर्वेशन में रखा गया। जांचों में स्पष्ट हुआ कि मरीज के मस्तिष्क में सबड्यूरल हेमेटोमा यानी खून का थक्का जम गया है, जो जानलेवा स्थिति होती है। डॉ. सूर्यम द्विवेदी ने जोखिम उठाते हुए ऑपरेशन का निर्णय लिया और सफल सर्जरी कर उषा बाई को मौत के मुंह से बाहर निकाल लिया।

महिला के पुत्र नरेश कोल ने डॉक्टरों और अस्पताल प्रबंधन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा हमें लगा था कि अब मां शायद कभी आंखें नहीं खोलेगी, लेकिन डॉक्टरों ने चमत्कार कर दिया। आज मां को हंसते देख हमारा परिवार फिर से जी उठा है। उन्होंने बताया कि उनकी मां कोल इंडिया के जोहिला एरिया की नौरोजाबाद कॉलरी में कार्यरत हैं और उन्हें कॉल इंडिया की कैशलेस योजना के तहत यहां रेफर किया गया था। आदित्य हॉस्पिटल के मेडिकल डायरेक्टर डॉ. आदित्य द्विवेदी ने बताया कि अब शहडोल के लोगों को ब्रेन हेमरेज, सिर की चोट, स्पाइन इंजरी या नसों की बीमारियों के इलाज के लिए नागपुर, भोपाल या दिल्ली नहीं जाना पड़ेगा। डॉ. सूर्यम द्विवेदी जैसे अनुभवी न्यूरोसर्जन अब प्रतिदिन आदित्य हॉस्पिटल में उपलब्ध रहेंगे और रीढ़ की हड्डी, मस्तिष्क, लकवा, माइग्रेन, मिर्गी जैसी बीमारियों का इलाज यहीं किया जाएगा। डॉ. सूर्यम द्विवेदी ने बताया कि 55 वर्ष से अधिक आयु के मरीजों में इस तरह की बीमारी में बचने की संभावना बेहद कम होती है, लेकिन सही समय पर इलाज और परिवार के विश्वास से यह ऑपरेशन सफल हो सका। उन्होंने कहा कि जब मरीज ऑपरेशन के बाद मुस्कुराई तो लगा जैसे हमारी मेहनत और ईश्वर की कृपा दोनों रंग लाई हों।

यह सफलता न सिर्फ एक महिला की जिंदगी बचाने की कहानी है, बल्कि पूरे शहडोल संभाग के लिए चिकित्सा क्षेत्र में नई उम्मीद की किरण भी है। अब यहां न्यूरोसर्जरी की अत्याधुनिक सुविधा उपलब्ध होने से मरीजों को बड़े शहरों की दौड़ से मुक्ति मिलेगी।

# नहाते समय 14 वर्षीय बालक लापता, रेस्क्यू ऑपरेशन जारी

शहडोल।



जिले के सोहागपुर थाना क्षेत्र के नवलपुर सोन नदी में शनिवार को एक 14 वर्षीय बालक पिकनिक मनाते समय नदी के तेज बहाव में बह गया और लापता हो गया। लापता बालक अंश पनिका, जो बुढार के वार्ड नंबर एक का निवासी है, अपने दोस्तों के साथ नदी में नहा रहा था। इसी दौरान अचानक तेज बहाव ने उसे अपने साथ बहा लिया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने तुरंत एसडीआरएफ टीम को बुलाया, जो बालक की तलाश में जुटी हुई है। सोहागपुर थाना प्रभारी भूपेंद्र मणि पांडे ने बताया कि नदी का पानी अत्यधिक तेज बह रहा है, जिससे खोज कार्य में कठिनाइयाँ आ रही हैं। अंश के दोस्त घटना के गवाह हैं और उन्होंने पुलिस को सूचना दी। परिवार वाले भी मौके पर आकर बालक की तलाश में जुट गए हैं और वे अत्यंत व्यथित हैं। स्थानीय पुलिस और एसडीआरएफ की टीम रेस्क्यू ऑपरेशन कर रही है। प्रशासन द्वारा बचाव कार्य को प्राथमिकता दी गई है। स्थानीय लोग और परिवार वाले अंश की सुरक्षित वापसी की कामना कर रहे हैं। मामले की जांच और खोज जारी है।

# दीपावली तक अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई स्थगित



### प्रशासन और व्यापारी संघ में सहमति

शहडोल

दीपावली पर्व के पूर्व नगर में अतिक्रमण हटाने को लेकर जिला प्रशासन और व्यापारी संघ के बीच सहमति बन गई है। कलेक्टर डॉ. केदार सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला व्यापारी संघ के अध्यक्ष घनश्याम जायसवाल और मुख्य नगर पालिका अधिकारी अक्षत बुंदेला की उपस्थिति में बैठक हुई। व्यापारी संघ की मांग पर दीपावली तक अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई स्थगित करने के निर्देश दिए गए हैं।

नगर पालिका को निर्देश दिया गया है कि जिन सड़कों का निर्माण होना है, उन मार्गों का प्रस्तावित सीमा तक आयल पेंट से चिन्हांकन किया जाए और मुनादी कर आमजन को सूचना दी जाए ताकि प्रभावित लोग वैध दस्तावेजों के साथ आपत्तियां दर्ज करा सकें। दीपावली के बाद व्यापारी संघ के प्रतिनिधि नगर पालिका के साथ मिलकर प्रस्तावित मार्गों का निरीक्षण करेंगे और अतिक्रमण हटाने के लिए लोगों से अपील करेंगे।

कलेक्टर ने यह भी कहा कि व्यापारी त्यौहारों के दौरान दुकानें इस प्रकार लगाएं कि आवागमन में बाधा न हो और आम जनता को सुविधा मिले। बैठक में व्यापारी संघ के अध्यक्ष लक्ष्मण गुप्ता समेत अन्य व्यापारी भी मौजूद थे। इस निर्णय से दीपावली के दौरान व्यवस्था सुचारू रूप से चलने की उम्मीद जताई जा रही है।

# पुलिस अभिरक्षा में चाकूबाजी का आरोपी बाल अपचारी

**शहडोल।** जिले के जयसिंहनगर थाना अंतर्गत ग्राम लखनौटी निवासी अविचल शुक्ला ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उसके गांव का नाबालिग बालक शिव शक्ति टाइल्स, जनकपुर रोड के पास मोटरसाइकिल से मिला था। इसी दौरान कोचिंग में साथ पढने वाले एक अन्य नाबालिग ने मॉडल स्कूल के पीछे पीड़ित पर चाकू से हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के तुरंत बाद घायल बालक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, जयसिंहनगर में भर्ती कराया गया, जहां उसका उपचार जारी है। पुलिस ने फरियादी की रिपोर्ट पर संबंधित धाराओं में प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की। जांच के दौरान आरोपी विधिविरुद्ध बालक को पुलिस अभिरक्षा में लिया गया है। थाना जयसिंहनगर पुलिस द्वारा आरोपी के विरुद्ध अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। इस घटना से क्षेत्र में आक्रोश का माहौल है तथा पुलिस मामले की गंभीरता को देखते हुए सतर्कता बरत रही है।

# अमलाई खुली खदान में बड़ा हादसा

### मिट्टी धंसने से मशीन समेत ऑपरेटर लापता

### आर.के.टी.सी. कंपनी की लापरवाही पर उठे सवाल



**शहडोल।** जिले के धनपुरी थाना क्षेत्र अंतर्गत एसईसीएल सोहागपुर क्षेत्र की अमलाई खुली कोयला खदान (ओपनकास्ट माइंस) में शुक्रवार को एक बड़ा हादसा हो गया। मिट्टी धंसने (स्लाइडिंग) की घटना में रीवा जिले के मऊगंज निवासी टीपर ऑपरेटर अनिल कुशवाहा डोजर मशीन सहित पानी से भरे गड्ढे में समा गए। कई घंटे बीत जाने के बावजूद न तो मशीन का कोई पता चला है और न ही ऑपरेटर का सुराग मिल पाया है।

### हड़कंप की स्थिति, बचाव दल मौके पर

घटना की जानकारी मिलते ही धनपुरी अनुविभाग के एस.डी.ओ.पी., थाना प्रभारी, पुलिस बल एवं बचाव दल मौके पर पहुंचे। अब राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल (एस.डी.आर.एफ.) को शनिवार सुबह से गहराई में खोज अभियान के लिए बुलाया गया है। मौके पर मौजूद लोगों के अनुसार, हादसे के कई घंटे बाद तक खदान संचालन कंपनी आर.के.टी.सी. की ओर से कोई त्वरित बचाव कार्य शुरू नहीं किया गया, जिससे भारी अफरा-तफरी मच गई।

### पहले भी हो चुके हैं हादसे

बताया जाता है कि अमलाई खदान में यह पहला हादसा नहीं है। पूर्व में भी एक विशाल खनन मशीन और कर्मचारी लापता हो चुके हैं, जिनका आज तक कुछ पता नहीं चला।



स्थानीय श्रमिकों का कहना है कि हर बार जांच और कार्रवाई की बात होती है, पर न सुरक्षा मानक सुधरते हैं और न ही किसी पर सख्त कार्रवाई होती है।

### आर.के.टी.सी. कंपनी पर गंभीर आरोप

छत्तीसगढ़ की खनन ठेका कंपनी आर.के.टी.सी. को लगभग 400 करोड़ रुपये का कोयला उत्खनन और मिट्टी हटाने का ठेका मिला हुआ है। मृतक अनिल कुशवाहा इसी कंपनी के अंतर्गत कार्यरत थे। मजदूरों का आरोप है कि कंपनी द्वारा बिना सुरक्षा उपकरण, बिना स्थल परीक्षण और बिना निगरानी के खतरनाक ढलानों पर काम कराया जा रहा था। हादसे वाले दिन भी अनिल को उसी कमजोर क्षेत्र में मशीन चलाने का आदेश दिया गया था, जहां बारिश से मिट्टी पहले से ही कमजोर हो चुकी थी।

### प्रशासन ने शुरू की जांच

धनपुरी पुलिस और एस.डी.ओ.पी. ने घटनास्थल से प्राथमिक साक्ष्य एकत्र किए हैं। पुलिस का कहना है कि सुरक्षा मानकों के उल्लंघन और लापरवाही की दिशा में भी जांच की जाएगी। एसईसीएल प्रबंधन ने घटना की पुष्टि करते हुए कहा है कि जांच रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई की जाएगी। स्थानीय ग्रामीणों और मजदूरों ने आक्रोश जताते हुए मांग की है कि आर.के.टी.सी. कंपनी के जिम्मेदार अधिकारियों पर आपराधिक लापरवाही का मामला दर्ज किया जाए। ग्रामीणों का कहना है कि अमलाई खदान अब मौत का कुआं बन चुकी है।

# धीरेंद्र शास्त्री के खिलाफ प्रस्तुत परिवाद खारिज

## अदालत ने कहा, बयान न आपत्तिजनक था, न भड़काऊ

**शहडोल।** शहडोल न्यायालय ने बागेश्वर धाम के पीठाधीश धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री के खिलाफ दायर एक परिवाद को खारिज कर दिया है। यह परिवाद संदीप तिवारी द्वारा दायर किया गया था, जिसमें आरोप लगाया गया था कि प्रयागराज महाकुंभ के दौरान धीरेंद्र शास्त्री द्वारा दिया गया बयान धार्मिक भावनाओं को आहत करने वाला और भड़काऊ था। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया था कि शास्त्री के कथनों से समाज में असंतोष फैलने की संभावना है और उन्होंने भारतीय दंड संहिता की धाराओं 196, 197(2), 299, 352, 353 तथा आईटी एक्ट की धारा 66(7) के तहत कार्रवाई की मांग की थी।




मामले की सुनवाई माननीय न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी, श्रीमान सीताराम यादव की अदालत में हुई। न्यायालय में परिवादी पक्ष और बचाव पक्ष दोनों की ओर से तर्क रखे गए। परिवादी ने कहा कि धीरेंद्र शास्त्री द्वारा प्रयागराज में दिए गए बयान ने धार्मिक सौहार्द को प्रभावित किया। वहीं, धीरेंद्र शास्त्री की ओर से उनके अधिवक्ता समीर अग्रवाल (एडवोकेट) ने अदालत में कहा कि शास्त्री ने ऐसा कोई भी बयान नहीं दिया जिससे किसी वर्ग, समुदाय या व्यक्ति की भावना आहत होती हो या जो किसी का अपमान या भड़काव का कारण बने।

अधिवक्ता समीर अग्रवाल ने यह भी स्पष्ट किया कि शास्त्री के सभी वक्तव्य आध्यात्मिक और धार्मिक प्रवचन की सीमाओं में थे, जिनका उद्देश्य समाज में सद्भाव और संस्कारों का प्रसार करना था। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया और कुछ वर्गों द्वारा उनके शब्दों को तोड़-मरोड़कर पेश किया गया, जबकि वास्तविकता में उनका भाव किसी भी तरह से अपमानजनक नहीं था।

सभी पक्षों की दलीलें सुनने के बाद अदालत ने पाया कि प्रस्तुत परिवाद में ऐसा कोई ठोस प्रमाण नहीं है जिससे यह सिद्ध हो सके कि धीरेंद्र शास्त्री का बयान किसी समुदाय विशेष के प्रति अपमानजनक था या समाज में वैमनस्य फैलाने वाला था। अदालत ने यह भी कहा कि धार्मिक या आध्यात्मिक प्रवचन को गलत अर्थ में प्रस्तुत करना कानून की दृष्टि में उचित नहीं है।

# समर्पित संस्था द्वारा वित्तीय साक्षरता जन जागरुकता अभियान की शुरुआत

**शहडोल।** भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा वित्तीय साक्षरता को बढ़ावा देने के लिए देशभर में वित्तीय साक्षरता केन्द्र मनी वाइस की स्थापना की गई है, जिसके तहत प्रदेश के 14 जिलों में समर्पित संस्था इस प्रोजेक्ट का क्रियान्वयन कर रही है। शहडोल में इस अभियान का शुभारंभ समर्पित संस्था के प्रचार प्रसार रथ और कला जत्था दल को अग्रणी बैंक के जिला प्रबंधक अमित चौरसिया द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया गया।




श्री चौरसिया ने कहा कि वित्तीय शिक्षा आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है, जिससे लोग अपनी आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ बना सकते हैं। उन्होंने बैंक में अपनी बचत राशि जमा करने का महत्व बताया, जिससे धन सुरक्षित रहेगा और विभिन्न बैंकिंग योजनाओं का लाभ भी मिलेगा।

समर्पित संस्था के अध्यक्ष डॉ. संदीप शर्मा ने बताया कि वित्तीय साक्षरता केन्द्रों के माध्यम से लोगों को बैंकिंग सेवाओं, डिजिटल बैंकिंग, बीमा, पेंशन, बचत और वित्तीय प्रबंधन के बारे में जानकारी दी जा रही है। इसके अलावा, नुक्कड़ नाटक, गीत और नृत्य के जरिए स्थानीय बोली में वित्तीय जागरूकता फैलाने का प्रयास किया जा रहा है। इस अभियान का उद्देश्य जिले में वित्तीय साक्षरता को जन-जन तक पहुंचाना है।

# जुताई के दौरान ट्रैक्टर इंजन पलटा, चालक की मौत

**शहडोल।** गोहपारू थाना क्षेत्र के बेलहा गांव में खेत की जुताई करने जा रहे ट्रैक्टर इंजन के पलटने से चालक की मौत हो गई। बीरभान सिंह उम्र 27 वर्ष जो अपने खेत के लिए ट्रैक्टर लेकर जा रहे थे, नदी के पास वाहन पर नियंत्रण खो बैठें और ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर नदी के गड्ढे में पलट गया। इंजन के नीचे दबने से उनकी मौके पर ही मृत्यु हो गई। स्थानीय लोग घटना देख मौके पर पहुंचे और चालक को बचाने की कोशिश की, लेकिन तब तक काफी देर हो चुकी थी। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और चार घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद ट्रैक्टर के नीचे दबे शव को बाहर निकाला। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। थाना प्रभारी राजकुमार मिश्रा ने बताया कि घटना की जांच शुरू कर दी गई है और मर्ग कायम कर विवेचना की जा रही है। उन्होंने कहा कि स्थानीय लोगों की मदद से शव निकालने में सफलता मिली। यह दुखद हादसा खेत की जुताई के दौरान हुआ, जिसमें चालक ने नियंत्रण खो दिया। पुलिस मामले की गहन जांच कर रही है ताकि दुर्घटना के कारणों का पता लगाया जा सके।



# प्रधानमंत्री ने कृषि योजनाओं का शुभारंभ किया,शहडोल में हुआ लाइव प्रसारण

**शहडोल।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान (नई दिल्ली) से वर्चुअल माध्यम से 35 हजार करोड़ रूपए से अधिक लागत वाली विभिन्न कृषि योजनाओं का शुभारंभ किया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने 100 आकांक्षी जिलों में कृषि उत्पादन बढ़ाने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री धन-धान्य योजना तथा दलहन आत्मनिर्भरता मिशन की घोषणा की। इन योजनाओं का उद्देश्य देश को कृषि क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाना है। जिला मुख्यालय शहडोल में राजेन्द्र टॉकीज, अशोका पैलेस में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में विधायक जयसिंहनगर श्रीमती मनीषा सिंह, विधायक जैतपुर जयसिंह मरावी, कलेक्टर डॉ. केदार सिंह, एसडीएम सोहागपुर श्रीमती अमृता गर्ग समेत जिलेभर के किसान उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री की योजनाओं को लाइव देखा और सुना गया। विधायक जयसिंह मरावी ने इस अवसर पर किसानों को प्रेरित करते हुए कहा कि कृषि क्षेत्र में सुधार के लिए केंद्र और राज्य सरकार नई योजनाएं बना रही हैं। उन्होंने किसानों से प्राकृतिक खेती, पशुपालन और कृषि यंत्रों का अधिक उपयोग करने की अपील की। वहीं, विधायक श्रीमती मनीषा सिंह ने शहडोल संभाग के किसानों को इन योजनाओं का लाभ मिलने पर प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया। कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ने बताया कि इन योजनाओं के क्रियान्वयन में 11 विभागों की 36 योजनाएं शामिल हैं। किसानों के लाभ के लिए संबंधित विभाग विधानसभावार बैठकें आयोजित करेंगे। इस अवसर पर कृषि विज्ञान केन्द्र के समन्वयक डॉ. मृगेन्द्र सिंह ने योजनाओं के उद्देश्य की विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम में किसानों ने अपनी समस्याओं पर भी विचार व्यक्त किए।



## खबर संक्षेप

### क्रेन की टक्कर लगने से वृद्ध की मौत

**कटनी।** कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत शास्त्री कॉलोनी में शुक्रवार सुबह 75 वर्षीय गुलवीर सिंह की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। बताया जाता है कि प्रतिदिन की तरह सुबह चाय पीकर घर लौटते समय ओवरब्रिज के पास एक तेज़ रफ्तार हाईड्रा क्रेन ने उन्हें टक्कर मार दी। हादसे में गंभीर रूप से घायल गुलवीर सिंह को जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा, जिसके बाद परिजन उसे अंतिम संस्कार हेतु घर ले आए। बताया गया कि क्रेन चालक सुशील कुमार तेज गति से वाहन चला रहा था और इसी दौरान नियंत्रण खोने से दुर्घटना हुई। दुर्घटना में शामिल हाईड्रा क्रेन (क्रमांक UP 85 ET 9080) को कोतवाली पुलिस ने जब्त कर लिया है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और परिजनों को आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया गया है।

### विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस पर हुआ कार्यक्रम

**बड़वारा।** शासकीय महाविद्यालय बड़वारा में भारतीय ज्ञान परंपरा के त्रैमासिक कैलेंडर अंतर्गत "विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस" के उपलक्ष्य में कार्यक्रम कराया गया। "वर्तमान संदर्भ में मानसिक स्वास्थ्य के महत्व" एवं प्राचीन भारतीय परंपरा मानसिक स्वास्थ्य संबंधी महत्वपूर्ण अवधारणाओं पर आधारित व्याख्यान एवं चर्चा हेतु परामर्श सत्र का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के अध्यक्ष प्राचार्य डॉ.लवकुश सिंह एवं मुख्य अतिथि डॉ.रामगोपाल गुप्ता चिकित्सक, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बड़वारा उपस्थित रहे। डॉ.गुप्ता ने अपने व्याख्यान में मानसिक स्वास्थ्य के वर्तमान संदर्भ में यह बताया कि 16-30वर्ष के उम्र के लोगों मानसिक तनाव तेजी से बढ़ा है। अत्यधिक मानसिक तनाव तेजी से बढ़ने के पीछे का एक कारण इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों में मोबाइल, कम्प्यूटर आदि का अत्यधिक उपयोग, सोशल मीडिया पर हमेशा लगे रहने के प्रति सजग ,सचेत और सावधान किया। इससे लोगों के मानसिक तनाव में तीव्रता से वृद्धि हो रही है।



## आधी राशि खर्च, अधर में कार्य

# अधूरा घाट निर्माण, आधी राशि उड़न छू!

**शहडोल।** जिले के जनपद पंचायत गोहपारू के ग्राम पंचायत खोहरी में परफॉर्मेंस ग्रांट फंड से स्वीकृत घाट निर्माण कार्य में गड़बड़ियों की बू साफ़ महसूस की जा रही है।

कुल 10 लाख रुपए की योजना में से अब तक 5 लाख रुपए का आहरण किया जा चुका है, लेकिन निर्माण कार्य अधूरा और कमजोर गुणवत्ता का नजर आ रहा है।

### मानक से कोसों दूर

कार्य स्थल पर जाने से यह स्पष्ट हुआ कि घाट निर्माण का कुछ हिस्सा किया गया है, लेकिन लोहे की जालियां और अधूरी सीमेंटिंग देखकर साफ़ प्रतीत होता है कि काम जल्दबाज़ी में और बिना तकनीकी मानकों के पूरा किया गया है।स्थानीय लोगों का कहना है कि निर्माण की शुरुआत तो हुई, लेकिन सामग्री की गुणवत्ता घटिया है और कार्य अधर में लटका हुआ है।

### ऑफ रिकॉर्ड ठेकेदारी पर सवाल

सूत्रों के अनुसार, यह कार्य पंचायत के बजाय ठेकेदारी प्रणाली से ऑफ रिकॉर्ड करवाया जा रहा है। जबकि नियमों के मुताबिक, ग्राम पंचायत स्तर पर ठेकेदारी पूरी तरह प्रतिबंधित है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि सरपंच और सचिव की मिलीभगत से ठेकेदार को काम सौंपा गया, जिससे पैसे तो निकले पर निर्माण संतोषजनक नहीं है।

### वरिष्ठ अधिकारी बने दर्शक

ग्रामीणों का कहना है कि बार-बार शिकायत के बाद भी जनपद और जिला स्तर के अधिकारियों ने कोई निरीक्षण नहीं किया। स्थानीय लोग सवाल उठा रहे हैं कि पांच लाख की राशि खर्च होने के बाद भी काम अधूरा क्यों है? क्या पंचायत के जिम्मेदारों को कोई जवाब नहीं देना होगा?

### मानकहीन निर्माण से नाराज़ ग्रामीण, सरपंच-सचिव पर मनमानी का आरोप

### तय हो जवाबदेही

ग्रामवासियों ने जिला प्रशासन से तकनीकी मूल्यांकन और ऑडिट की मांग की है, ताकि यह पता लगाया जा सके कि राशि खर्च कहां और कैसे की गई।ग्रामीणों का कहना है कि यदि जांच निष्पक्ष हुई तो खोहरी पंचायत का घाट निर्माण घोटाला कई चेहरों को बेनकाब कर देगा।

## आत्मनिर्भर मिशन का प्रधानमंत्री ने किया शुभारंभ

# प्रधानमंत्री धन धान्य योजना से कृषकों का होगा आर्थिक विकासः विधायक







### प्रधानमंत्री के कार्यक्रम का कृषि उपज मंडी में देखा गया लाईव प्रसारण

### योजना के माध्यम से जिले को अव्वल लाने का किया जाएगा कार्यः कलेक्टर





**उमरिया।** प्रधानमंत्री धन धान्य योजना एवं दलहन आत्म निर्भर मिशन कार्यक्रम किसानों के आर्थिक लाभ पहुंचाने में मील का पत्थर साबित होगा । हमारे अन्नदाता आर्थिक रूप से कैसे मजबूत हो, इस दिशा में केंद्र एवं राज्य सरकार निरंतर रूप से कार्य कर रही है । कृषि के क्षेत्र में अनेक योजनाओं को धरातल में उतारकर किसानों को शशक्त किया जा रहा है। उक्त आशय के विचार विधायक बांधवगढ़ शिवनारायण सिंह ने कृषि उपज मंडी में आयोजित प्रधानमंत्री धन धान्य कृषि योजना एवं दलहन आत्मनिर्भर मिशन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए व्यक्त किए ।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री धन धान्य कृषि योजना का उद्देश्य कृषि उत्पादकता को बढ़ाना, फसल विविधीकरण और टिकाउ कृषि पध्दतियों को अपनाना, पंचायत एवं ब्लाक स्तर पर फसलोत्तर भंडारण को बढ़ाना, सिंचाई सुविधाओं में सुधार और दीर्घकालिक और अल्पकालिक ऋण की उपलब्ध्ता को सुगम बनाना है। दलहन आत्मनिर्भर मिशन के तहत किसान दलहन की फसल का उत्पादन करें। दलहन में बहुत से प्रोटीन होते है,जो हमारे शरीर के लिए बहुत लाभदायी है । उन्होने कहा कि किसान खेतों में नरवाई को नही जलाएं, नरवाई के जलाने पर उसकी उर्वरता शक्ति नष्ट हो जाती है। उन्होंने स्वदेशी वस्तुओं को अपनाकर भारत को आत्म निर्भरता की ओर बढ़ाने में योगदान देने की अपील की ।

कार्यक्रम में देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मुख्य आतिथ्य में नई दिल्ली से आयोजित प्रधानमंत्री धन धान्य कृषि योजना एवं दलहन आत्मनिर्भर मिशन शुभारंभ कार्यक्रम का सीधा प्रसारण उमरिया जिले के कृषि उपजमंडी प्रांगण में देखा एवं सुना गया ।

कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने कहा कि प्रधानमंत्री धन धान्य कृषि योजना में मप्र के 8 जिलों में उमरिया जिले को भी शामिल किया गया है।योजना के माध्यम से उमरिया जिले को अव्वल लाने का कार्य किया जाएगा।उन्होने किसानों से आव्हान करते हुए कहा कि किसानों के लिए सरकार व्दारा भावांतर योजना प्रारंभ की गई है।जिसका पंजीयन कार्य भी प्रारंभ हो गया है, किसान गण समय सीमा में अपना पंजीयन कराकर योजना का लाभ उठाएं ।

आसुतोश अग्रवाल ने कहा कि केंद्र एवं प्रदेश सरकार कृषि को लाभ का धंधा बनाने के लिए की संकल्पित है। योजनाओ के माध्यम से किसानों की आय बढ़ाने का कार्य किया जा रहा है।उन्होने किसानों का आव्हान करते हुए कहा कि किसान प्राकृतिक खेती करें । प्राकृतिक खेती के माध्यम से कम लागत में अधिक उत्पादन लिया जा सकता है।

### अन्नअदाताओं पर की गई पुष्पवर्षा

कृषि उपजमंडी प्रांगण में प्रधानमंत्री धन धान्य कृषि योजना एवं दलहन आत्मनिर्भर मिशन शुभारंभ कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक बांधवगढ़ शिवनारायण सिंह, कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन सहित अन्य अतिथियों ने अन्नादाताओ पर पुष्प वर्षा कर उनका सम्मान किया । कार्यक्रम में उप संचालक कृषि संग्राम सिंह मरावी ने कार्यक्रम का पालन प्रतिवेदन प्रस्तुत किया।इस अवसर पर धनुषधारी सिंह,कमलेश गुप्ता, शंभू लाल खट्टर,अन्य जनप्रतिनिधि,विभागीय अधिकारी कर्मचारी सहित किसान गण उपस्थित रहे ।


## टोबैको फ्री यूथ कैंपेन 3.0 प्रारंभ

**उमरिया।** नोडल अधिकारी डॉ संदीप सिंह ने बताया कि राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत भारत में तम्बाकू का उपयोग अत्याधिक बीमारियों और मौतों का एक प्रमुख कारण बना हुआ है।परिणाम स्वरूप प्रति वर्ष 13.5 लाख मौतें हो रही है। इसी दृष्टि से प्रदेश में ग्लोबल एडल्ट टोबेको सर्वे 2019 के अनुसार भारत में 13 से 15 वर्ष की आयु के 8.5 प्रतिशत और मध्यप्रदेश में 3.9 प्रतिशत (4.4 प्रतिशत बालक एवं 3.5 प्रतिशत बालिका) विद्यार्थी तम्बाकू का उपयोग करते है, जो कैंसर, हृदय संबंधी बीमारियों, मधुमेह, दीर्घकालिक फेफड़ों की बीमारी, स्ट्रोक, बांझपन, अंधापन, तपेदिक और मुख संबधित स्वास्थ्य समस्याओं के लिए एक प्रमुख कारण हैं।

जिला कार्यक्रम प्रबंधक डॉ मुकुल तिवारी ने जानकारी देते हुए बताया कि वर्ष 2025 में टोबेको फ्री यूथ केंपेन (टीएफवीसी) 3.0 का आयोजन 9 अक्टूबर 2025 से 60 दिवस तक किया जाएगा जिसके अन्तर्गत स्वास्थ्य विभाग द्वारा जागरूकता, क्षमता निर्माण, नशामुक्ति सेवाएँ का आयोजन किया जाएगा। इसी के तहत जिला चिकित्सालय उमरिया में कार्यक्रम आयोजित किया गया।उपस्थित प्रतिभागियों को शपथ दिलाकर नशा मुक्त रहने हेतु एवं अन्य लोगों को जागरूक करने हेतु चर्चाएं की गई।गतिविधि में नर्सिंग स्टाफ एवं अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित हुए उक्त कार्यक्रम विकासखंड के विभिन्न शिक्षण संस्थानों में भी किए जाने हेतु निर्देशित किया गया।



# बीएससी छात्रा की संदिग्ध मौत से उपजे कई सवाल



### परिजनों ने की निष्पक्ष जांच की मांग

**हरिभूमि न्यूज बिजुरी।** जिले में बीएससी तृतीय वर्ष की छात्रा सुलक्ष्मी सिंह गहरवार (आयु 20 वर्ष) की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत ने पूरे क्षेत्र को स्तब्ध कर दिया है। मृतका मूलतः ग्राम कोठी, थाना बिजुरी, तहसील कोतमा, जिला अनूपपुर की रहने वाली थी। वह पिछले कुछ वर्षों से शंभूनाथ कॉलेज शहडोल में बीएससी की पढ़ाई कर रही थी और कॉलेज के पास स्थित बिजली ऑफिस के समीप उदित पाण्डेय के मकान में किराए पर रहकर अध्ययन करती थी। 4 अक्टूबर की है, जब मृतका के परिवार को गांव कोठी निवासी अंजनी सिंह और उनकी पत्नी लतारानी सिंह ने आकर सूचित किया कि आपकी बेटी सुलक्ष्मी सिंह ने आत्महत्या कर ली है। यह सूचना मिलते ही परिवारजन गहरे सदमे में आ गए और तत्काल शहडोल के लिए रवाना हुए। परिवार के सदस्यों ने जब मौके पर पहुंचकर जानकारी ली तो पता चला कि सुलक्ष्मी का शव जिला चिकित्सालय शहडोल में रखा गया है। वहां पहुंचकर उन्होंने जब शव देखा तो उन्हें प्रथम दृष्टया यह घटना आत्महत्या नहीं बल्कि किसी प्रकार की साजिशन हत्या प्रतीत हुई। परिजनों ने बताया कि सुलक्ष्मी के पीठ पर नाखून के गहरे निशान, पैरों में नीले दाग, और शरीर पर चोट जैसे चिन्ह साफ देखे जा सकते थे। वहीं जिस स्थान पर कहा जा रहा था कि उसने फांसी लगाई, वहां न तो कोई टेबल थी, न कुर्सी, और न ही कोई ऐसा साधन, जिससे वह इतनी ऊंचाई तक पहुंचकर फांसी लगा सकती थी। इन तथ्यों ने परिवार के शक को और गहरा कर दिया है। परिवार ने यह भी गंभीर सवाल उठाया है कि पुलिस की अनुपस्थिति में सुलक्ष्मी का शव किसने और क्यों नीचे उतारा, जबकि ऐसे मामलों में पुलिस की मौजूदगी अनिवार्य होती है। परिजनों का आरोप है कि इस कार्रवाई से सबूतों के साथ छेड़छाड़ की आशंका से इंकार नहीं किया जा सकता। घटना की रात मृतका के साथ उसी मकान में अनुज सिंह पिता अंजनी सिंह भी ठहरा हुआ था। स्थानीय लोगों के अनुसार, घटना से पहले सुलक्ष्मी और अनुज के बीच जोरदार वाद-विवाद हुआ था। इसके बाद से ही अनुज सिंह फरार बताया जा रहा है। परिजनों ने उसे ही इस संदिग्ध मौत का मुख्य आरोपी बताया है। मृतका के पिता तेजबहादुर सिंह गहरवार ने इस घटना की निष्पक्ष और विस्तृत जांच की मांग करते हुए पुलिस अधीक्षक शहडोल को एक लिखित आवेदन सौंपा है। आवेदन में उन्होंने अनुरोध किया है कि इस मामले की जांच के लिए एक विशेष जांच टीम गठित की जाए, ताकि इस रहस्यमय मौत की सच्चाई सामने आ सके और दोषियों को कड़ी सजा मिल सके। परिवार ने यह भी कहा कि सुलक्ष्मी पढ़ाई में मेधावी थी और हमेशा खुश मिजाज रहती थी। उसके द्वारा आत्महत्या जैसा कदम उठाना संभव नहीं लगता। इसलिए परिजन यह मानने को तैयार नहीं हैं कि यह आत्महत्या है। स्थानीय लोगों और परिजनों ने प्रशासन से अपील की है कि इस प्रकरण में पारदर्शी जांच कर न्याय दिलाया जाए, क्योंकि एक निर्दोष छात्रा की रहस्यमय मौत ने कई सवाल खड़े कर दिए हैं। इस घटना के बाद छात्र समुदाय और अभिभावकों में भी भारी आक्रोश और चिंता व्याप्त है, वहीं पुलिस प्रशासन का कहना है कि मामले की हर कोण से जांच की जा रही है। जल्द ही सच्चाई सामने लाने के लिए आवश्यक साक्ष्य और बयान दर्ज किए जा रहे हैं।

# कोदो कुटकी के उपार्जन हेतु पंजीयन केन्द्रों का किया गया निर्धारण

**उमरिया।** उप संचालक कृषि संग्राम सिंह मरावी ने बताया कि खरीफ 2025 मे जिले में कोदो कुटकी का उपार्जन कार्य किया जाना है । पंजीयन का कार्य 10 अक्टूबर से प्रारंभ हो गया है । जिला उपार्जन समिति अनुसार कोदो कुटकी उपार्जन हेतु पंजीयन केंद्र निर्धारित किए गए है । करकेली विकासखंड में लैम्पस मुख्यालय उमरिया, अमडी, भरौला, विपणन सहकारी समिति उमरिया, लैम्पस मुख्यालय चंदिया, पथरहठा कोयलारी 22, नरवार 25 , बिलासपुर, निगहरी, अखडार , लैम्पमस मुख्यालय करकेली तथा घुलघुली में पंजीयन केंद्र बनाये गये है। इसी प्रकार नौरोजाबाद में लैम्पस मुख्यालय छांदाखुर्द, मानपुर में लैम्पस मुख्यालय मानपुर, बरबसपुर, कछराटोला, बल्हौड, नौगवां, परासी ध, उमरिया बकेली, पनपथा, कठार, भरेवा, सिगुडी, डोडका, भरेवा, इंदवार, पडखुरी, चिल्हारी, कोटरी, अमरपुर, पडवार, सलैया, घुनघुटी , चौरी, मालाचुआ में पंजीयन केंद्र बनाए गए है ।

उन्होने बताया कि पंजीयन की निशुल्क व्यवस्था ग्राम पंचायत कार्यालय में स्थापित सुविधा केंद्र, जनपद पंचायत कार्यालयों में स्थापित सुविधा केंद्र, तहसील कार्यालयों में स्थापित सुविधा केंद्र, सहकारी समितियो एवं सहकारी विपणन संस्थाओ व्दारा संचालित पंजीयन केंद्र तथा एम पी किसान एप पंजीयन किया जा सकता है । इसी तरह पंजीयन की सशुल्क व्यवस्था एमपी आनलाइन, कामन सर्विस सेंटर, लोक सेवा केंद्र तथा निजी व्यक्तियो व्दारा संचालित कैफे पर किया जा सकता है ।

उन्होने बताया कि एमपी ऑनलाईन कियोस्क, कॉमन सर्विस सेंटर, लोक सेवा केंद्र और निजि व्यक्तियों द्वारा संचालित साईबर कैफे पर पंजीयन सुविधा एवं शुल्क राशि के संबंध में आवश्यक बैनर प्रदर्शित किये जावेंगे। उपार्जन के लिये किसानों का पंजीयन करने के लिये निर्धारित प्रपत्र में आवेदन समग्र सदस्य आई0डी0, भू-अधिकार पुस्तिका, खसरा, वनाधिकार, पट्टा की प्रति, मोबाईल नंबर की जानकारी (नोट- खसरा, बैंक एकाउन्ट, मोबाईल नंबर आधार से लिंक होना अनिवार्य है। सिकमी/बटाईदार एवं वन पट्टाधारी किसान के पंजीयन की सुविधा केवल सहकारी समिति स्तर पर स्थापित पंजीयन केंद्रों पर उपलब्ध होगी। उक्त श्रेणी के शत-प्रतिशत किसानों के सत्यापन राजस्व विभाग द्वारा किया जावेगा। किसान पंजीयन कराने एवं फसल बेचने के लिये किसान का आधार नंबर का सत्यापन मोबाईल नंबर पर प्राप्त ओटीपी या बायोमेट्रिक डिवाईस से किया जावेगा। पूर्व के वर्षों की किसी अपात्र संस्था के केंद्र प्रभारी एवं ऑपरेटर को किसी अन्य संस्था में पंजीयन कार्य हेतु नहीं रखा जावेगा। विगत वर्षों में पंजीयन / उपार्जन में अत्यधिक त्रुटि करने वाले ऑपरेटर की सेवायें भी नहीं ली जावेगी।

# 4137 पशु पालकों से किया गया संपर्क

**उमरिया।** उप संचालक पशु चिकित्सा सेवाएं डा के के पांडेय ने बताया कि जिले में 2 अक्टूबर से 9 अक्टूबर तक संपन्न हुए दुग्ध समृध्दि संपर्क अभियान के तहत पशु चिकित्सा विभाग द्वारा पशु पालकों के गांव गांव घर घर जाकर संवाद किया गया। अभियान के दौरान चिकित्सा टीमों ने पशुपालकों को पशु देखभाल, संतुलित आहार,पशु स्वास्थ्य ,पशु पोषण ,नस्ल सुधार एवं सेक्स सॉर्टेड सीमन, रोग नियंत्रण, टीकाकरण एवं दूध उत्पादन बढ़ाने के उपायों की जानकारी दी गई ।

अभियान के प्रभारी अधिकारियों ने बताया कि जिले के 8 पशु चिकित्सक और 34 सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी एवं 35 मैत्री के माध्यम से अब तक कल 4137 पशु पालकों से संपर्क स्थापित किया गया। भोपाल से नियुक्त डॉ. कमल सिंह द्वारा 3 विकास खंड के 10 ग्रामों में एवं उपसंचालक डॉ.के.के पांडे एवं एसडीएम पाली श्री अंबिकेश सिंह एवं एसडीएम बांधवगढ़ सुश्री हरनीत कौर कलसी द्वारा अलग-अलग विकास खंड के ग्रामों में भ्रमण कर सीधा संवाद एवं सत्यापन किया गया । जिले के पशु चिकित्सक डॉ. डी.पी द्विवेदी, डॉ. जी. एस पेंड्रो, डॉ. इंद्रजीत सिंह, डॉ. डी . बी.सिंह, डॉ. बिपिन चंद्र आदर्श, डॉ. संजीव बाथम, डॉ. अविनाश सिंह द्वारा भी अलग-अलग ग्रामों में सीधा संवाद एवं सत्यापन किया गया। पशुपालकों के घर-घर जाकर पशु देखभाल, संतुलित आहार ,कृत्रिम गर्भाधान, नस्ल सुधार ,रोग नियंत्रण एवं टीकाकरण की जानकारी दी जा रही है साथ ही किसानों को पशुपालन से होने वाले आर्थिक लाभ और सरकार की योजनाओं की विस्तृत जानकारी भी प्रदान किया गया। उन्होने बताया कि संतुलित पशु आहार देने से पशु सही समय में गर्मी में आता है जिससे पशु पालक की पैसे और समय दोनों की बचत होती है एवं कई तरह की पोषण तत्वों की कमी से होने वाले रोगों से भी बचाव होता है। सेक्स सॉर्टेड सीमेन से कृत्रिम गर्भाधान कराने से अच्छे नस्ल की मादा बछिया प्राप्त होता है जिससे दुग्ध उत्पादन में भी वृद्धि होती है इसमें पशु पालक को सीधे सीधे लाभ प्राप्त होता है । पशु से प्राप्त गोबर खाद को बेचकर भी पशुपालक लाभ प्राप्त कर सकता है।पशु को समय समय पर टीकाकरण एवं कृमिनाशक देने से पशु पालक को पशु उपचार के पैसे की बचत होता है।

**नाम सुधार सूचना**

मै आयशा बी पति शेख मुनीर निवासी वार्ड नं. 15 टाकीज रोड प्राईमरी विद्यालय के पास धनपुरी थाना धनपुरी तहसील बुढार जिला-शहडोल म.प्र. की हूँ मै शपथपूर्वक कथन करती हूँ कि मै आयशा बी पति शेख मुनीर निवासी वार्ड नं. 15 टाकीज रोड प्राईमरी विद्यालय के पास धनपुरी थाना धनपुरी तहसील बुढार जिला-शहडोल म.प्र., की निवासी हूँ । मेरे पासर्पोट में मेरे नाम आयशा की इंग्लिश स्पेलिंग AYSHA दर्ज है तथा मेरे पति शेख मुनीर की इंग्लिश स्पेलिंग SHAIKH MUNAIR दर्ज है। जो कि त्रुटिपूर्ण है । मेरे नाम आशया बी की सही एवं वास्तविक इंग्लिश स्पेलिंग AAYSHA BEE जो कि मेरे आधार कार्ड एवं पेन कार्ड मे भी अंकित है इसी प्रकार मेरे पति शेख मुनीर की सही एवं वास्तविक इंग्लिश स्पेलिंग SHEIKH MUNEER है । मेरे नाम आशया बी की पूर्ण इंग्लिश स्पेलिंग AAYSHA BEE एवं मेरे पति शेख मुनीर की सही एवं वास्तविक इंग्लिश स्पेलिंग SHEIKH MUNEER को ही सही एवं वास्तविक माना तथा पढा व समझा जावे तथा इसी नाम से पासर्पोट भी बनाया जाय इसी के समर्थन मे यह शपथपत्र निष्पादित की हूँ जो सही एव सच है ।

# बाँधवगढ़ टाइगर रिज़र्व में अभिनव पहल

### संजय दुबरी टाइगर रिजर्व के गाइडस का एक्सपोजर प्रशिक्षण सम्पन्न



**उमरिया ।** क्षेत्र संचालक बांधगवढ टाईगर रिजर्व ने बताया कि बाँधवगढ़ टाइगर रिज़र्व, उमरिया के प्रबंधन द्वारा अभिनव पहल के अंतर्गत संजय दुबरी टाइगर रिजर्व के गाइडस के लिए एक्सपोज़र प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण के प्रथम चरण में फील्ड एक्सपोज़र के तहत संजय टाइगर रिज़र्व के गाइडों को बाँधवगढ़ के अनुभवी गाइडों के साथ पर्यटन जिप्सी सफारी भ्रमण कराया गया। सफारी के दौरान संजय टाइगर रिज़र्व से आए गाइडों ने बाँधवगढ़ के गाइडों से यह सीखा कि पर्यटकों से संवाद, व्यवहार, वन्यजीवों के प्रति व्याख्या, पर्यटन मार्गदर्शन तकनीक, भाषा दक्षता और प्रस्तुतीकरण कौशल को व्यावहारिक रूप में कैसे लागू किया जाए। प्रशिक्षण में कुल 06 गाइडों ने सहभागिता की।प्रशिक्षण के द्वितीय दिवस पर, इको सेंटर ताला में दोनों टाइगर रिज़र्व के गाइडों के मध्य एक इंटरैक्टिव सेशन आयोजित किया गया। इस अवसर पर बाँधवगढ़ के गाइडों ने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि पर्यटकों के साथ संवाद, सुरक्षा और वन्यजीव अवलोकन के दौरान एक पेशेवर दृष्टिकोण अपनाना कितना आवश्यक है। दोनों रिज़र्व के गाइडों ने अपने-अपने पर्यटन स्थलों की विशेषताओं और प्रबंधन अनुभवों को साझा किया। एक्सपोजऱ प्रशिक्षण दो चरणों में आयोजित किया जा रहा है। दूसरा चरण 13 एवं 14 अक्टूबर 2025 को प्रस्तावित है, जिसमें संजय टाइगर रिज़र्व के 07 गाइडों को प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा।क्षेत्र संचालक, बाँधवगढ़ टाइगर रिज़र्व डॉ. अनुपम सहाय ने बताया कि इस अभिनव पहल से संजय टाइगर रिज़र्व के गाइडों की दक्षता और कुशलता में वृद्धि होगी, जिससे वहाँ के पर्यटन को नए आयाम मिलेंगे। साथ ही, इस प्रकार के कार्यक्रम दोनों टाइगर रिज़र्व के पर्यटन गाइडों को आपस में जुडऩे और अनुभव साझा करने का अवसर भी प्रदान करते हैं।प्रशिक्षण संजय टाइगर रिज़र्व के क्षेत्र संचालक अमित कुमार दुबे के निर्देशानुसार आयोजित किया गया। कार्यक्रम के संचालन में वन परिक्षेत्र अधिकारी ताला राहुल किरार, वन परिक्षेत्र अधिकारी कल्लवाह महावीर पांडेय, पर्यटन ताला परिक्षेत्र सहायक फागू प्रसाद तथा बाँधवगढ़ टाइगर रिज़र्व के अनुभवी पर्यटन गाइडों की सक्रिय भूमिका रही।

**खबर संक्षेप**

## विकसित भारत अभियान में जिले के विद्यार्थियों की होगी सक्रिय सहभागिता

**शहडोल।** भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने की दिशा में केंद्र सरकार द्वारा शुरू किए गए विकसित भारत बिल्डथोन 2025 अभियान में जिले के स्कूली विद्यार्थियों की भी सहभागिता सुनिश्चित की जा रही है। कक्षा 6वीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों को आत्मनिर्भर भारत, स्वदेशी, वोकल फॉर लोकल और समृद्ध भारत जैसे विषयों पर सुझाव देने का अवसर मिलेगा। शिक्षा विभाग के एपीसी रमसा अरविंद पांडेय ने बताया कि जिले के सभी सरकारी एवं निजी स्कूलों का पंजीयन जारी है। हर स्कूल से अधिकतम पांच टीमों में कुल 20 विद्यार्थी भाग लेंगे। प्रत्येक टीम में पांच विद्यार्थी होंगे, जिनका मार्गदर्शन करने के लिए चार शिक्षक नियुक्त किए गए हैं।
13 अक्टूबर को इस अभियान की प्रधानमंत्री द्वारा लाइव लांचिंग की जाएगी, जिसमें 400 चयनित विद्यार्थी शामिल होंगे। देशभर के 1.5 लाख स्कूलों में एक साथ यह नवाचार गतिविधि आयोजित होगी, जिसमें एक करोड़ से अधिक विद्यार्थियों के भाग लेने की तैयारी की जा रही है। विद्यार्थी अपने सुझावों को फोटो और वीडियो सहित पोर्टल पर अपलोड करेंगे। चयनित सुझावों को विकसित भारत के निर्माण में शामिल किया जाएगा और प्रतिभागियों को पुरस्कृत भी किया जाएगा।

## दुकानदार पर चाकू से हमला करने वाले दो बदमाशों को गिरफ्तार कर निकाला जुलूस



**हरिभूमि न्यूजः कटनी।** दुकानदार पर चाकू से हमला कर लहुलुहान करने वाले दो बदमाशों को रीठी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में थाना रीठी के धारा 109(1), 3(5)bns के मामले मे आरोपियों को 10 अक्तूबर को गिरफ्तार कर उनका जलूस निकाला गया।
पुलिस के अनुसार 09 अक्तूबर को प्रार्थी राजबहोर बर्मन ने रिपोर्ट दर्ज कराई की शाम करीब 08 बजे आरोपी राजू सिंह और उसका एक अन्य साथी चाय पान की दुकान पर आकर सिगरेट लिया, दुकानदार द्वारा सिगरेट के पैसे मांगने पर पैसा देने से मना कर दुकानदार से ही रूपये की मांग कर विवाद करने लगे तब, प्रार्थी राजबहोर ने पकड़ो की आवाज लगाया तो, इसी दौरान आहत राहुल बर्मन निवासी मुहास आरोपियों को पकड़ने दौड़ा तो आरोपी राजू ठाकुर हत्या करने की नियत से राहुल बर्मन के पेट मे चाकू मार कर मौके से अपनी पल्सर गाड़ी से भाग गए की रिपोर्ट पर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया था । प्रकरण की विवेचना के दौरान वरिष्ठ अधिकारियों की निर्देशन पर थाना रीठी पुलिस स्टाफ द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए घटना कारित करने वाले आरोपी (1) राजू सिंह पिता प्रताप सिंह उम्र 28 वर्ष नि.ग्राम खमरिया थाना रीठी हाल-रंगनाथ नगर कटनी (2)साहिअली पिता खलील अली 20 वर्ष नि. थाना रंगनाथ नगर कटनी को हिरासत में लेकर पूछताछ कर घटना में प्रयुक्त चाकू एवं मोटरसाइकिल जप्त कर आरोपीगणों को गिरफ्तार किया गया, मामले की विवेचना आगे जारी हैं। उपरोक्त कार्यवाही में विनोद पटेल, दिनेश चौहान, प्रआर.अजय मेहरा, प्र.आर. राम पाठक, आर. शमशेर सिंह, आर. आशुतोष, आर. अमन, आर. नीतेश दुबे, आर. विजय, आर. जफर, आर. इंद्रभान का विशेष विशेष भूमिका रही।

## जिले में अब तक 1164.7 मिमी औसत वर्षा दर्ज

**कटनी।** जिले में इस वर्ष रविवार 1 जून से शुक्रवार 10 अक्टूबर तक कुल 1164.7 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। जिले में सर्वाधिक औसत वर्षा इस साल रीठी तहसील में दर्ज की गई है, जहां अब तक 1481.2 मिलीमीटर वर्षा हुई है।

## छोटी सी चूक बनी बड़ी दुर्घटना, खदान में फिर गूंजी सुरक्षा पर सवालों की आवाज

# ओवी (मिट्टी) स्लाइड होने से डंपर-डोजर गिरे पानी में, एक की मौत, एक घायल





**धनपुरी।** शनिवार शाम अमलाई ओपन कास्ट माइंस (ओसीएम) में उस वक्त अफरा-तफरी मच गई, जब ओवी (मिट्टी) स्लाइड होने से आर.के. ट्रांसपोर्ट कंपनी का एक डंपर और एक डोजर गहरे पानी में जा गिरे। हादसा शाम करीब 5:30 बजे हुआ। घटना में दोनों वाहन पानी में समा गए।सूत्रों के अनुसार, आर.के. ट्रांसपोर्ट कंपनी अमलाई ओसीएम में ओवरबर्डन (ओवी) निकालने का कार्य कर रही थी। इसी दौरान मिट्टी खिसकने से भारी वाहन असंतुलित होकर नीचे फिसल गए। दोनों में सवार ऑपरेटरों में से एक व्यक्ति किसी तरह तैरकर बाहर निकल आया, जिसे तत्काल अस्पताल भेजा गया है। लेकिन डोजर ऑपरेटर अनिल कुशवाहा, निवासी सीधी (रीवा) पानी में डूब गया और उसकी मौके पर ही मौत हो गई।सूचना मिलते ही अमलाई ओसीएम प्रबंधन सक्रिय हो गया। खान प्रबंधक अल्बर्ट, उपक्षेत्रीय प्रबंधक बी. रवन्ना, और सोहागपुर एरिया के महाप्रबंधक सहित वरिष्ठ अधिकारी घटनास्थल पर पहुंचे और राहत व बचाव कार्य शुरू करवाया। डंपर व डोजर को बाहर निकालने के लिए क्रेन व पंप मशीनें लगाई गई हैं।प्रबंधन का कहना है कि — "ओवी स्लाइड के दौरान मिट्टी के नीचे पानी भरे गड्ढे में गाड़ियां फिसल गईं, छोटी सी तकनीकी चूक से यह दुर्घटना हुई।"धनपुरी थाना प्रभारी स्टाफ सहित मौके पर पहुंचे और पूरे घटनाक्रम की जांच शुरू कर दी है। वहीं मृतक के परिजन और श्रमिक साथियों में गहरा दुख और आक्रोश है। सभी ने कंपनी पर सुरक्षा मानकों की अनदेखी का आरोप लगाते हुए मुआवजा और मृतक परिवार को नौकरी देने की मांग की है।स्थानीय सूत्रों ने बताया कि 10 वर्ष पूर्व धनपुरी ओसीएम में भी इसी तरह का हादसा हुआ था, जब एक डंपर, एक हॉलपाक और एक किरण मशीन मिट्टी में समा गई थीं, जिन्हें आज तक नहीं निकाला जा सका। इस घटना ने उस पुराने दर्दनाक हादसे की यादें ताजा कर दी हैं।

"रेस्क्यू टीम लगातार प्रयासरत है। ओवी स्लाइड के कारण हुई इस दुर्घटना में सुरक्षा मानकों की समीक्षा की जा रही है।"
**— एरिया प्रबंधन, अमलाई ओसीएम**

# नपा की कार्यप्रणाली पर पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष ने उठाए सवाल

### दीपावली पर व्यापारियों को न सताने की दी चेतावनी



**शहडोल।** दीपावली पर्व के पूर्व नगर में अतिक्रमण हटाने और नगरपालिका की कार्यप्रणाली को लेकर राजनीतिक गर्मी बढ़ गई है। जिला कांग्रेस कमेटी शहडोल के पूर्व अध्यक्ष सुभाष गुप्ता ने नगर पालिका प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाते हुए चेतावनी दी है कि त्यौहार के समय व्यापारियों को अनावश्यक रूप से परेशान न किया जाए। उन्होंने कहा कि दीपावली हिंदू समाज का सबसे बड़ा पर्व है, जिसे हर वर्ष की तरह हर्षोल्लास से मनाने का अवसर दिया जाना चाहिए। पूर्व जिलाध्यक्ष ने आरोप लगाया कि नगरपालिका के मुख्य नगर पालिका अधिकारी (सीएमओ) स्वयं भ्रष्टाचार में लिप्त हैं और अधिकांश समय मुख्यालय से गायब रहते हैं। उन्होंने कहा कि नगर पालिका में एक संगठित गिरोह सक्रिय है, जो व्यापारियों और आम नागरिकों को डरा-धमकाकर अवैध वसूली करता है।सुभाष गुप्ता ने याद दिलाया कि पहले भी संपत्ति कर की फर्जी रसीद पकड़ी गई थी, लेकिन आज तक न तो संबंधित कर्मचारियों पर कोई कार्रवाई हुई और न ही एफआईआर दर्ज की गई। उन्होंने सवाल उठाया कि इसके पीछे किस भाजपा नेता का संरक्षण है?पूर्व अध्यक्ष ने शहर भर में लगे अवैध होर्डिंग्स का भी मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि जुलाई तक होर्डिंग हटाने की बात कही गई थी, लेकिन आज तक कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने पूछा कि इन अवैध होर्डिंग्स से हो रही वसूली आखिर किसकी जेब में जा रही है? उन्होंने दो टूक कहा कि यदि दीपावली के समय किसी भी व्यापारी को बेवजह परेशान किया गया, तो कांग्रेस कार्यकर्ता नगरपालिका प्रशासन का डटकर विरोध करेंगे।



## कप्तान स्कूल बुढ़ार में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन

**शहडोल।** मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के मार्गदर्शन में कप्तान स्कूल बुढ़ार में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का आयोजन विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस के उपलक्ष्य में किया गया, जिसमें माननीय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश काशीनाथ सिंह, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण शहडोल के अध्यक्ष सुशील कुमार अग्रवाल, तहसील विधिक सेवा समिति बुढ़ार के अध्यक्ष विजेंद्र सिंह रावत और व्यवहार न्यायाधीश लक्ष्मण रोहित की उपस्थिति में किया गया। शिविर में छात्र-छात्राओं को कानून से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी दी गई, जिसमें पॉक्सो एक्ट, संविधान, डिजिटल अरेस्ट, मौलिक अधिकार और अन्य विषय शामिल थे। उपस्थित छात्रों को इन कानूनी पहलुओं से अवगत कराया गया ताकि वे अपने अधिकारों और कर्तव्यों को समझ सकें। कार्यक्रम में कप्तान स्कूल और कन्या हायर सेकेंडरी स्कूल के प्राचार्य डॉ. देवेंद्र श्रीवास्तव, शिक्षक-शिक्षिकाएं, और बुढ़ार न्यायालय के सामाजिक कार्यकर्ता अभिषेक मुखर्जी समेत अन्य लोग उपस्थित रहे। शिविर ने छात्रों को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक किया और कानून का महत्व समझाया।

# दीपावली 2025: आतिशबाजी विक्रय के लिए दिशा-निर्देश जारी

### 15 से 20 अक्टूबर तक जारी होंगी अस्थाई अनुज्ञप्तियां

**शहडोल।** दीपावली पर्व 2025 के मद्देनज़र कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी डॉ. केदार सिंह ने आतिशबाजी विक्रय हेतु दिशा-निर्देश जारी किए हैं। जिले में पटाखा विक्रय के लिए अस्थाई अनुज्ञप्तियां 15 अक्टूबर से 20 अक्टूबर 2025 तक प्रदान की जाएंगी। निर्देशानुसार, उपखंड मजिस्ट्रेट अपने अनुभागों में ऑनलाइन/ऑफलाइन आवेदन लेकर, थाना प्रभारी के संयुक्त प्रतिवेदन सहित प्रस्ताव कलेक्टर कार्यालय को भेजेंगे। शहडोल शहर हेतु सुरक्षित स्थल चयन कर ले-आउट स्वीकृति के उपरांत दुकानों का आवंटन किया जाएगा। यह कार्य 15 अक्टूबर तक पूर्ण किया जाना अनिवार्य है।प्रत्येक शेड अग्निरोधी सामग्री से बना होना चाहिए, शेडों में कम से कम 3 मीटर की दूरी रहेगी और वे आमने-सामने नहीं होंगे। लकड़ी, कपड़े या शामियाने का उपयोग प्रतिबंधित रहेगा। प्रत्येक दुकान के सामने बालू और पानी की बाल्टियों की व्यवस्था अनिवार्य होगी। विक्रय स्थल पर 24 घंटे फायर ब्रिगेड की उपलब्धता सुनिश्चित की जाएगी और मास्टर स्विच में फ्यूज या सर्किट ब्रेकर होना आवश्यक होगा। नाबालिगों को पटाखा विक्रय प्रतिबंधित रहेगा तथा बिना अनुज्ञप्ति विक्रय दंडनीय होगा।

# अधिकारियों ने मिठाई दुकानों की जांच कर लिये सेम्पल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

**पर्व और त्यौहारों के मद्देनजर खाद्य प्रतिष्ठानों और मिठाई दुकानों की सघन जांच और नमूना संग्रहण कर मिलावट करने वालों के विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही करने के कलेक्टर आशीष तिवारी द्वारा दिए गए निर्देश के पालन में कार्रवाई का सिलसिला जारी है।**

कलेक्टर श्री तिवारी के निर्देश पर जांच दल द्वारा दूध से बने खाद्य पदार्थ, मावा, पनीर, मिठाइयां और अन्य खाद्य पदार्थ में मिलावट की जांच की जा रही है। नायब तहसीलदार अतुलेश सिंह बघेल ने बताया कि अनुविभागीय अधिकारी कटनी प्रमोद कुमार चतुर्वेदी द्वारा गठित राजस्व एवं खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम द्वारा लगातार कार्यवाही करते हुए शहर के मधई मंदिर रोड स्थित खाद्य प्रतिष्ठान कोहली स्वीट एवं गुजराती स्वीट दुकान की जांच की गई ।जांच के दौरान प्रतिष्ठान के संचालकों को साफ -सफाई का विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया गया और मौके पर कोहली स्वीट से बूंदी एवं बर्फी का नमूना जांच हेतु संग्रहित किया गया। साथ ही गुजराती स्वीट से मगज लड्डू तथा नमकीन का नमूना जांच हेतु लिया गया। दुकानों से लिए गए नमूनों को राज्य खाद्य जांच प्रयोगशाला भोपाल जांच हेतु भेजा जाएगा। रिपोर्ट प्राप्त होने पर खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 की तहत नियमानुसार कार्यवाही की जावेगी।जांच दल द्वारा शहर में त्योहारों पर बाहर से सप्लाई होने वाले मिठाइयों पर भी विशेष निगरानी रखी जा रही है। जांच दल में नायब तहसीलदार अतुलेश सिंह बघेल एवं खाद्य सुरक्षा अधिकारी ओपी साहू शामिल रहे।

## कांग्रेस ग्रामीण जिलाध्यक्ष ने हस्ताक्षर अभियान को लेकर बहोरीबंद में ली कार्यकर्ताओं की बैठक

**स्लीमनाबाद।** वोट चोर गद्दी छोड़' हस्ताक्षर अभियान को लेकर बहोरीबंद में कांग्रेस की बैठक कांग्रेस ग्रामीण जिलाध्यक्ष कुंवर सौरभ सिंह के नेतृव्य में हुई। बैठक को संबोधित करते हुए कुंवर सौरभ सिंह ने कहा कि अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर 15 सितंबर से 15 अक्टूबर तक चलाया जा रहा है। अभियान के तहत कांग्रेसी कार्यकर्ता सभी गांव-गांव में जाकर लोगों से हस्ताक्षर करवाएंगे।अभियान का उद्देश्य कथित 'वोट चोरी' और मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से हटाए जाने के मुद्दे पर जनता के बीच जागरुकता फैलाना है। एकत्र किए गए हस्ताक्षरों को राष्ट्रपति और चुनाव आयोग को जनता के जनादेश के रूप में सौंपा जाएगा। लोकतंत्र को बचाने के लिए लिए हमें वोट चोरी को रोकना होगा। होग इसी तारतम्य मैं नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के आवाहन पर हर पोलिंग बूथ पर हस्ताक्षर अभियान की शुरुआत की गई है।जिसमें हर पोलिंग बूथ से 125 लोगों के हस्ताक्षर करवाने है।स्वस्थ लोकतंत्र के लिए निष्पक्ष चुनाव जरूरी है।



इस दौरान वरिष्ठ कांग्रेस नेता डॉ. केएल जैन,पंडित नरेन्द्र पौराणिक, पूर्व जिला पंचायत सदस्य देवसिंह पटेल, सादिक खान, नरेन्द्र सैनी, ताम सिंह पटेल, अजय गर्ग, गणेश नारायण गुप्ता, दयाशंकर गुप्ता,विजय तिवारी,मुन्ना आदिवासी, नीरज पटेल, पूर्णेंद्र पटेल, चन्द्रभान पटेल,पप्पू मिश्रा, रमेश तिवारी, अंबिका पटेल,सजंय जैन, सर्जय बैरागी, राजेश तिवारी, पुष्पराज सिंह सेंगर, सचिन राजपूत,कमला यादव की उपस्थिति रही।

# करंट लगाकर जंगली सुअर का शिकार दो शिकारियों को वन अमले ने पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



वन विभाग ने बड़वारा वन परिक्षेत्र के अमगवां में करंट लगाकर जंगली सूअर का शिकार करने और उसका मांस बेचने की कोशिश कर रहे दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। वन विभाग को एक गोपनीय सूचना मिली थी। इसमें बताया गया था कि अमगवां से सटे जंगल में कुछ लोगों ने अवैध रूप से वन्य प्राणी का शिकार किया है। अब वे उस मांस बेचने की फिराक में हैं। सूचना की गंभीरता को देखते हुए वन विभाग की टीम ने तत्काल कार्रवाई का निर्णय लिया। एक विशेष टीम तुरंत मौके पर रवाना हुई और जंगल के आसपास जाल बिछाया गया। टीम की मुस्तैदी के कारण वन विभाग के अमले ने दो व्यक्तियों को वन्य प्राणी के मांस के साथ पकड़ लिया।

गिरफ्तार आरोपियों की पहचान कामता प्रसाद लोनिया (55 वर्ष, निवासी बिचपुरा) और अमर सिंह गोंड (निवासी अमगवां) के रूप में हुई है। वन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि दोनों आरोपियों के खिलाफ वन्य जीव संरक्षण अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। आरोपियों से पूछताछ कर इस अवैध शिकार रैकेट में शामिल अन्य लोगों की जानकारी जुटाई जा रही है।

## अतिथि शिक्षकों को तीन माह से नहीं मिला वेतन, आंदोलन की चेतावनी

**स्लीमनाबाद।** स्कूलों में अध्यापन व्यवस्था न बिगड़े इसके लिए अतिथि शिक्षकों की सेवाएं ली जा रही है। अतिथि शिक्षक अपने पदीय दायित्वों का निर्वहन जवाबदेही के साथ कर रहे है लेकिन कटनी जिले में शासन के आदेशों की अवहेलना शिक्षा विभाग के अधिकारी कर रहे है। जिले में पदस्थ अल्पवेतन भोगी अतिथि शिक्षक विगत तीन माह से बिना वेतन के अपनी सेवाएँ दे रहे हैं। शासन के द्वारा अतिथि शिक्षकों के वेतन के लिए बजट आवंटन जारी कर दिया गया है, लेकिन शिक्षा विभाग के जिम्मेदार अधिकारी भुगतान कराने में नाकाम साबित हो रहे हैं।अल्प वेतन पर कार्य करने वाले अतिथि शिक्षकों के लिए यह स्थिति बेहद चिंताजनक है। विजयदशमी का पर्व तो बिना वेतन ही गुजर गया और अब दीपावली भी वेतन के बिना ही बीतने की आशंका गहराती जा रही है।वेतन भुगतान न होने से आर्थिक स्थिति गड़बड़ा गईं है ओर जीविकोपार्जन का संकट गहरा गया है। अतिथि शिक्षक संघ जिलाध्यक्ष कंचन पांडेय ने जारी प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से शिक्षा विभाग के अधिकारियो को अल्टीमेटम दिया है कि यदि शीघ्र वेतन भुगतान नहीं किया गया तो संघ आंदोलन करने को बाध्य होगा! जिसकी सम्पूर्ण जवाबदेही प्रशासन

## स्वामी विवेकानंद शासकीय महाविद्यालय में युवा उत्सव शुरू

# 22 प्रकार की विधाओ में युवा दिखाएंगे प्रतिभा का हुनर

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद

उच्च शिक्षा विभाग के आदेशानुसार गुरुवार से स्वामी विवेकानंद शासकीय महाविद्यालय स्लीमनाबाद में युवा उत्सव का आगाज प्राचार्या डॉ सरिता पांडेय व विभागाध्यक्ष हिंदी डॉ किरण खरादी के द्वारा किया गया। आगामी दो-तीन दिनों तक महाविद्यालय मैं युवा उत्सव की धूम रहेगी। पढ़ाई से इतर छात्र-छात्राये रंगोली, गायन, नृत्य, सांस्कृतिक, सांगीतिक, साहित्यिक एवं रूपांकन गतिविधियों में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे।रंगोली प्रतियोगिता से दिया गया पर्यावरण संरक्षण व संवर्धन का संदेश-स्वामी विवेकानंद शासकीय महाविद्यालय स्लीमनाबाद में गुरुवार से युवा उत्सव का आगाज हुआ।युवा उत्सव के तहत प्रथम दिवस रूपांकन प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ।रंगोली प्रतियोगिता की थीम आओ पेड़ लगाए की थीम रही। जिसके तहत पर्यावरण संरक्षण व संवर्धन का संदेश दिया गया।रंगोली प्रतियोगिता के जरिये ये संदेश दिया गया कि पेड़ -पौधों का जीवन मे कितना महत्व है!पर्यावरण संरक्षण व संवर्धन होने से वर्षा भी सही होती है। रंगोली प्रतियोगिता पर प्रथम स्थान शालिनी राजपूत बीए प्रथम वर्ष की छात्रा ने प्राप्त किया!वहीं ज्योति सिंह बीए तृतीय वर्ष की छात्रा ने द्वितीय स्थान ओर पिंकी पटेल बीए तृतीय वर्ष एवं करण सिंह बीए प्रथम वर्ष ने तृतीय स्थान प्राप्त किया!निर्णायक की भूमिका में डॉ पूनम पांडे, मनोरमा चौधरी,श्रेया मिश्रा ने निभाई। युवा उत्सव समिति में रश्मि राजपूत, शाहीन एवं सुश्री रानू हल्दकर ने भूमिका निभाई। महाविद्यालय प्राचार्या डॉ सरिता पांडेय ने बतलाया कि युवा उत्सव में 18 विधाओं में प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। इसमें रंगोली, कोलाज, पोस्टर मेकिंग, स्पॉट पेंटिंग, मूर्तिकला, कार्टूनिंग, मिमिक्री, मूक अभिनय, हास्य नाटिका, एकांकी, एकल गायन शास्त्रीय, एकल गायन सुगम, एकल गायन पाश्चात्य, समूह गायन भारतीय, समूह गायन पाश्चात्य, एकल नृत्य शास्त्रीय, समूह नृत्य, वाद-विवाद, प्रश्नमंच सहित अन्य विधा शामिल हैं। अंतर कक्षा

## बांके बिहारी की भक्ति में माह भर लीन रहेंगी महिलाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद

पवित्र कार्तिक महीने की शुरुआत बुधवार से हो गई। 27 नवंबर तक पूरे माह धर्म की बयार चलेगी। इस दौरान तीर्थ स्नान, मंदिरों में दर्शन के साथ दान-पुण्य का दौर चलेगा। इस दौरान विशेष तिथियों पर मंदिरों में विशेष आयोजन होंगे।स्लीमनाबाद स्थित रसिक बिहारी जू मंदिर मे कार्तिक मास के आगाज मैं कार्तिक व्रत धारी महिलाओं ने विधि विधान से पूजा अर्चना कर रामचरित मानस पाठ का गायन किया गया।भगवान बांके बिहारी की आरती कर सुख समृद्धि की कामना की गई।

सिंहवाहिनी महिला मंडल की सदस्यों ने बताया कि पूरे कार्तिक मास मंडल की सभी महिलाएं प्रात काल स्नान कर पूजा अर्चना कर कार्तिक व्रत धारण करेंगी।महिला मंडल प्रमुख मनोरमा त्रिपाठी ने बताया कि कार्तिक मास मैं प्रतिदिन सुबह स्नान करने के साथ कोमल तुलसीदलों से भगवान विष्णु या दामोदर कृष्ण की पूजाकरके दीप प्रज्वलित किये जायेंगे।माह भर दीपदान होगा पंडित दिलीप पौराणिक ने बताया कि कार्तिक मास मैं दीपदान से पाप नष्ट हो जाते है।दीपदान से वैभव व लक्ष्मी प्राप्ति होती है। कार्तिक महीने में 16 अक्टूबर को एकादशी का व्रत रहेगा। इसके बाद पांच दिन के दीपोत्सव की शुरुआत 18 अक्टूबर को धनतेरस के साथ होगी। 19 अक्टूबर को रूप चतुर्दशी और 20 नवंबर को दीपावली का त्योहार मनाया जाएगा। 21 अक्टूबर को अमावस्या रहेगी। इस बार अन्नकूट 22 अक्टूबर और इसके अगले दिन 23 अक्टूबर को भाईदूज मनाई जाएगी। 30 अक्टूबर को गोपाष्टमी, 31 अक्टूबर को अक्षय नवमी और 5 नवंबर को कार्तिक पूर्णिमा यानि देव दिवाली के साथ महीने का समापन होगा।

## नारी शक्ति की निष्ठा, प्रेम और तपस्या का प्रतीक बनकर निखर उठा करवा चौथ का व्रत

# सुहागिनों ने चलनी की ओट से किया पति का दीदार

**सौभाग्यवती महिलाओं ने चंद्रमा को अर्घ्य अर्पित कर पूर्ण किया व्रत**

**अमरकंटक की पवित्र वसुंधरा पर गूंजे मंगल गीत, नर्मदा तट पर दीपमालिका से निखरी भक्ति छटा**





**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** पति की दीर्घायु के लिए महिलाओं नें करवा चौथ का व्रत रखा। इस दौरान महिलाओं ने निर्जला व्रत रखकर रात को चलनी की ओट से अपने पति के दीदार और पूजा उपरांत अन्न ग्रहण किया। व्रत पूर्व महिलाओं ने पूजन सामग्री सहित आभूषण आदि की जमकर खरीदारी भी कर रखी थी जिसके चलते बाजार में सौन्दर्य प्रसाधन की दुकानों में खासी भीड़ देखी गई वहीं पहली बार व्रत रखने वाली महिलाओं में करवा चौथ को लेकर खासा उत्साह देखा गया। जहां महिलाओं नें सुबह से ही व्रत की तैयारियों में जुटी रहीं। इस दौरान महिलाओं ने मोहल्ले में इकट्ठा होकर मंदिर में भजन कीर्तन भी किया जिससे मंदिरों में दिन भर चहल पहल बनी रही। व्रत रखने वाली सुहागन महिलाएं पूरे दिन न तो किसी प्रकार का अन्न ग्रहण करती हैं और न तो कुछ पीती हैं। पूजा के लिए सुहाग की सभी वस्तुएं सिंदूर, बिंदी, बिछुआ, महावर समान इकट्ठा करकें रखी हुई थी। पीली मिट्टी की गौरा बनाकर उन्हें चुनरी चाकर चौक वाले स्थान पर बिठाया गया। ये देवी पार्वती का प्रतीक माना जाता है जो सदा सुहागन रही, इसके बाद चन्द्रमा की पूजा अर्चना की गई। सुहागिन स्त्रियों का खास त्यौहार करवा चौथ की पूजा व निर्जल निराहार व्रत नगर की सुहागिन स्त्रियों सहित कुंवारी कन्याओ ने रख खूबसूरत दिखने की उमंग के साथ अपने पतियों की लंबी उम्र की कामना की तो वही कुंवारी कन्याओं ने शिव के समान वर पाने की कामना की। नगर के लगभग घरो मे देर शाम चांद दिखने के बाद से करवा चौथ की पूजा संपन्न हुई। सभी सुहागिन महिलाओं ने भगवान को अर्घ्य देकर पूजा अर्चना की। करवा चौथ के दिन निराहार व्रत रहकर सुहागिन महिलाओं ने अपने पतियों के लंबी उम्र की कामना की। हिंदू धर्म में महिलाओं के लिए करवा चौथ व्रत का खास महत्व है। हर महिला की ख्वाहिश होती है कि उसका पति कामयाब हो और उसकी लंबी उम्र हो। करवा चौथ में चांद और अर्घ्य का खास महत्व होता है। करवा चौथ का व्रत कार्तिक मास की कृष्ण चतुर्थी को रखा जाता है।

### पति भी पीछे नहीं

करवा चौथ व्रत को लेकर जहां महिलाएं तैयारियों में जुटी हुई थी वही पति भी पीछे नहीं थे वह अपनी पत्नियों के लिए बाजार पहुंचकर उपहारों की खरीददारी करने में जुट गए थे। जहां महिलाएं करवा चौथ के दिन दिन भर पति की लंबी उम्र के लिए निर्जला व्रत रखते हुए शाम को चलनी से पति के दर्शन की वही पति भी अपनी पत्नियों को कुछ ना कुछ खिलाते हुए व्रत तुड़वाकर पत्नियों को कुछ ना कुछ उपहार दिया।

### अमरकंटक की वसुंधरा पर गूंजे मंगल गीत

माँ नर्मदा की पावन गोद में बसी दिव्य नगरी अमरकंटक में करवा चौथ का पर्व इस वर्ष श्रद्धा, भक्ति और वैवाहिक समर्पण की अद्भुत छटा बिखेर गया। प्रातःकाल से ही सौभाग्यवती महिलाओं ने निर्जला व्रत रखकर पति की दीर्घायु और अखंड सौभाग्य की मंगल कामना की। संध्या होते ही नगर की गलियाँ सोलह श्रृंगार से सजी सुहागिनों की पायल की मधुर झंकार से गूंज उठीं। दीपों की रौशनी और पूजा की ध्वनि से पूरा नगर भक्ति भाव में डूब गया। रात्रि में जब शरद की स्वच्छ चाँदनी ने नर्मदा तट को रजत आभा से नहला दिया, तब सुहागिनों ने चलनी से चंद्रमा और पतिदेव के दर्शन किए। चंद्रदेव को अर्घ्य अर्पित कर ओम सोमाय नमः का जप किया और पतिदेव के हाथों से जल ग्रहण कर व्रत का विधिपूर्वक समापन किया। हालांकि चंद्रमा कुछ देर बादलों में छिपे रहे, लेकिन जैसे ही रात 9:30 बजे के बाद चाँद ने दर्शन दिए महिलाओं के चेहरों पर अपार हर्ष छलक उठा। पूरी अमरकंटक नगरी मंगल गीतों, आरतियों और दीपमालाओं से आलोकित हो उठी। नर्मदा मंदिर परिसर में सजी-धजी महिलाओं ने माता गौरी और भगवान शिव की आराधना की, वहीं वातावरण में भक्ति और वैवाहिक निष्ठा की पवित्र सुगंध फैल गई। इस अवसर पर नर्मदा मंदिर के पुजारी पंडित धनेश द्विवेदी वंदे महाराज ने अपने उद्बोधन में कहा "करवा चौथ केवल एक उपवास नहीं, यह नारी के अटूट विश्वास और वैवाहिक धर्म की पवित्र साधना है।

### चांद दिखते ही दौड़ी खुशियों की लहर

जिस प्रकार माता पार्वती ने भगवान शिव को पाने हेतु कठोर तप किया था, उसी भाव से आज भी महिलाएँ अपने पति के दीर्घ जीवन के लिए यह व्रत करती हैं। यह पर्व हमारे सनातन संस्कारों में प्रेम, संयम और श्रद्धा का शाश्वत संदेश देता है। जैसे ही चंद्रमा की शीतल किरणों ने नर्मदा तट को स्पर्श किया। दीपमालिकाएँ झिलमिलाईं और पूरा वातावरण देवी गौरी के आशीष से आभामय हो उठा। करवा चौथ का यह पावन पर्व अमरकंटक की पवित्र धरती पर एक बार फिर नारी शक्ति की निष्ठा, प्रेम और तपस्या का दिव्य प्रतीक बनकर निखर उठा। माँ नर्मदा की पावन नगरी अमरकंटक में करवा चौथ का पर्व भक्ति और उल्लास के बीच मनाया गया। सुहागिनों ने निर्जला व्रत रखकर चंद्रमा को अर्घ्य अर्पित किया और पतिदेव की लंबी आयु की कामना की। जैसे ही रात साढ़े नौ बजे चाँद ने दर्शन दिए नगर में खुशियों की लहर दौड़ गई।

## बूथ समितियों की बैठक में सैकड़ों ने ली भाजपा की सदस्यता



**विकसित भारत की दिशा में कार्य करने का लिया संकल्प**

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** अनूपपुर जिले के पुष्पराजगढ़ विधानसभा क्षेत्र के दमेहडी मंडल के प्रत्येक बूथों पर बैठकों का दौरा निरंतर चल रहा है। भाजपा जिला अध्यक्ष हीरा सिंह श्याम के मार्गदर्शन में भारतीय जनता पार्टी के जिला महामंत्री और मंडल प्रभारी सिद्धार्थ शिव सिंह के द्वारा अपने मंडल प्रभार दमेहडी के प्रवास पर 10 अक्टूबर को पहुंचे जहां पर उन्होंने बूथ क्रमांक 192 ग्राम पंचायत केकरिया, दमेहदी मंडल के ग्राम पंचायत पड़रिया के कुम्हारवार ग्राम में बूथ क्रमांक 200 एवं बूथ क्रमांक 201 बूथ समिति की परिचयात्मक कामकाजी बैठक ली। बैठक मंडल अध्यक्ष गोपाल सिंह मरावी मंडल महामंत्री प्रदीप सिंह धुर्वे भाजपा जिला मंत्री राजेश सिंह सिरोठिया राजेन्द्रग्राम मंडल अध्यक्ष जागेश्वर चंद्रवंशी मंडल दामेहड़ी उपाध्यक्ष विजय सिंह पट्टा तथा वरिष्ठ नेता पतिराम यादव तथा महिला मोर्चा की श्रीमती पार्वती तथा बूथ समिति के सदस्य बैठक में उपस्थित रहे। बैठक में संगठनात्मक चर्चा करने के पश्चात ग्रामीण क्षेत्र की सैकड़ो की संख्या में महिलाओं और युवाओं को भारतीय जनता पार्टी का अंग वस्त्र पहनकर उन्हें भाजपा परिवार में शामिल कराया। भाजपा परिवार में शामिल होने वाली महिलाएं एवं युवाओं ने कहा कि वह केंद्र की मोदी सरकार एवं मध्य प्रदेश की मोहन सरकार के कार्यो से प्रभावित हैं सरकार के द्वारा चलाई जा रही अनेक जन कल्याणकारी योजनाएं ग्रामीण क्षेत्र के लोगों की दशा और दिशा बदलने में कारगर साबित हो रही हैं हम सभी भाजपा सरकार की नीतियों का स्वागत करते हैं और भाजपा परिवार में शामिल होकर विकसित भारत की दिशा में कार्य करेंगे। भाजपा जिला महामंत्री एवं मंडल के प्रभारी सिद्धार्थ शिव सिंह ने भाजपा परिवार में शामिल होने वाले ग्रामीण क्षेत्र की समस्त महिलाओं और युवाओं को अंग वस्त्र पहनकर उनका स्वागत किया और भरोसा दिया कि भाजपा की सरकार जो अंत्योदय के सपने को साकार करने की दिशा में काम कर रही है वह निश्चित अपने लक्ष्य की ओर बढ़ रही है हर कार्यकर्ता और हर व्यक्ति की चिंता भारतीय जनता पार्टी और उसकी सरकार निरंतर कर रही है। हम सब मिलकर भारत को वैभवशाली भारत बनाने की दिशा में निरंतर कार्य करेंगे।

# विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन संपन्न



**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** श्रीमती माया विश्वलाल प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, अनूपपुर के निर्देशानुसार, शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय व ऑगनवाड़ी केन्द्र संजयनगर, सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालय संजयनगर, शासकीय माध्यमिक विद्यालय, ऑगनवाड़ी केन्द्र चिल्हारी एवं पाईन माउण्ट इंग्लिश मीडियम में क्रमानुसार विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। उक्त शिविर में विनोद कुमार वर्मा, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अनूपपुर ने बच्चों के मैत्रीपूर्ण विधिक सेवाएं एवं उनके संरक्षण के संबंध में विधिक सेवा योजना मौलिक अधिकार, एवं कर्त्तव्य शिक्षा का अधिकार पॉक्सो अधिनियम एवं गुडटच बेडटच के संबंध में जानकारी दी। इसी क्रम में बृजेश पटैल जिला विधिक सहायता अधिकारी द्वारा विधिक सेवा प्राधिकरण की योजना विधिक सहायता, विधिक सलाह, मध्यस्थता योजना इत्यादि की जानकारी दी साथ ही नालसा नशा मुक्त भारत के लिए नशीली दवाओं के प्रति जागरूकता और कल्याण मार्गदर्शन योजना के संबंध में बताया कि इस योजना के तहत नशीली दवाओं के दुरूपयोग और अनैतिक तस्करी के खिलाफ जिले के समस्त सार्वजनिक स्थानों पर नशीली दवाओं की लत छुड़ाने और पुनर्वास के संबंध में यह अभियान चलाया जा रहा है। साथ ही उन्होंने यातायात नियम एवं नालसा टोल फ्री 15100 नंबर के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उक्त शिविरों संबंधित विद्यालयों के प्राचार्य राम चरित मिश्रा, प्राचार्य उपेन्द्र सिंह सेंगर, प्रधानाध्यापक रामलाल, ऑगनवाड़ी कार्यकर्ता श्रीमती आरती कोल, नीलू रौतेल, पैरालीगल वालैंटियर शिवकांत सोनी व राजेश सोनी एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कर्मचारीगण, विद्यालय के छात्र/छात्राएं उपस्थित रहे।

## अमरकंटक में 69वीं शालेय राज्य स्तरीय सेपक टकरा प्रतियोगिता का समापन

# बालक-बालिकाओं ने दिखाये जौहर, विजेता व उपविजेता टीम हुये पुरस्कृत

हरिभूमि न्यूज अमरकंटक



बालक-बालिका क्रीड़ा परिसर अमरकंटक में आयोजित चार दिवसीय 69वीं शालेय राज्य स्तरीय सेपक टकरा प्रतियोगिता का शनिवार को भव्य समापन हुआ। प्रदेशभर से आए प्रतिभागियों ने इस रोमांचक प्रतियोगिता में अपने उत्कृष्ट खेल कौशल का प्रदर्शन किया। समापन समारोह के दौरान 19 वर्षीय पुरुष सेपक टकरा का अंतिम फाइनल मैच जबलपुर संभाग और जनजातीय संभाग के बीच हुआ। टॉस जबलपुर ने जीतकर कोट चयन किया। प्रथम पाली में 17/14 से जनजातीय संभाग ने जीत दर्ज की, द्वितीय सेट में 15/12 से जबलपुर संभाग विजयी रहा और अंतिम निर्णायक राउंड में 17/16 से जबलपुर ने 2-1 से जीत हासिल की। इस प्रकार जबलपुर संभाग विजेता तथा जनजातीय संभाग उपविजेता रहा। दोनों टीमों ने शानदार खेल का प्रदर्शन किया, वहीं तृतीय स्थान इंदौर संभाग का रहा। इसके पूर्व 14 वर्ष बालक प्रतियोगिता का फाइनल जनजातीय संभाग और भोपाल संभाग के बीच हुआ, जिसमें विजेता जनजातीय संभाग, द्वितीय भोपाल और तृतीय स्थान शहडोल का रहा। वहीं 17 वर्षीय बालक वर्ग के फाइनल मुकाबले में सागर संभाग और जनजातीय संभाग आमने-सामने रहे, जिसमें प्रथम स्थान जनजातीय संभाग, द्वितीय स्थान सागर संभाग और तृतीय स्थान शहडोल संभाग को प्राप्त हुआ।

### बालिकाओं ने भी दिखाया जौहर

बालिकाओं ने भी अपना जौहर दिखाया। 14 वर्षीय बालिका फाइनल मैच जनजातीय संभाग और शहडोल संभाग के बीच हुआ, जिसमें प्रथम स्थान जनजातीय संभाग, द्वितीय शहडोल और तृतीय स्थान भोपाल संभाग रहा। 17 वर्षीय बालिका वर्ग के फाइनल में जनजातीय और सागर संभाग के बीच मुकाबला हुआ, जिसमें जनजातीय संभाग प्रथम, द्वितीय सागर और तृतीय भोपाल संभाग रही। 19 वर्षीय बालिका फाइनल मैच जनजातीय और इंदौर संभाग के बीच खेला गया, जिसमें प्रथम स्थान जनजातीय, द्वितीय इंदौर और तृतीय स्थान शहडोल संभाग रही। इसी तरह आगामी नवंबर माह में राष्ट्रीय स्तर पर जोधपुर, तेलंगाना, जोधपुर (राजस्थान) में सेपक टकरा खेल का आयोजन होना है। जानकारी अनुसार मध्य प्रदेश दल का गठन किया गया है, जिसमें चयनित खिलाड़ियों का चयन किया जाना है। जिसका प्रकाशन लोक शिक्षण संचालनालय मध्य प्रदेश, भोपाल द्वारा किया जाएगा।

### विजेता व उपविजेता टीम हुये पुरस्कृत

मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित चैन सिंह परस्ते, मुख्य नगर पालिका अधिकारी ने विजेता एवं उपविजेता टीमों को पुरस्कार प्रदान किए। उन्होंने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताएँ न केवल खेल प्रतिभा को निखारती हैं, बल्कि अनुशासन, टीम भावना और आत्मविश्वास को भी बढ़ाती हैं। प्रतियोगिता के दौरान बालक एवं बालिका वर्ग के फाइनल मुकाबले बेहद रोमांचक रहे। दर्शकों ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए पूरे जोश के साथ तालियाँ बजाईं। आयोजन समिति के सदस्यों ने बताया कि इस प्रतियोगिता में 8 संभाग की टीमों ने भाग लिया, जिसमें कुल 240 बालक-बालिकाएँ शामिल रही। कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए जिला खेल विभाग, स्थानीय प्रशासन एवं विद्यालय परिवार की सराहना की गई। समापन समारोह में उपस्थित रहे दृ चैन सिंह परस्ते (सीएमओ), तुलाराम आर्मो, (जिला शिक्षा अधिकारी अनूपपुर), अनुजा मिश्रा (प्राचार्य, पीएमश्री शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अमरकंटक), अश्विनी तिवारी (पटवारी), व्ही. के. श्रीवास्तव (वन परिक्षेत्राधिकारी, अमरकंटक), रानू सरिवान (मेडिकल ऑफिसर अमरकंटक), पी एस बघेल (उपनिरीक्षक थाना अमरकंटक)कमलेश मिश्रा (प्राचार्य, कल्याणिका केंद्रीय शिक्षा निकेतन अमरकंटक), पत्रकार श्रवण उपाध्याय, उमाशंकर पांडेय (मुन्नू), सोमू दुबे, विपुल वर्मन सहित विद्यालय के शिक्षकगण एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## बारिश ने किसानों के माथे पर खींची चिंता की लकीरें



किसानों की मेहनत पर फिर रहा, बारिश ने बिगाड़ी फसल की लय

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** "खड़ी खेती, गाभिन गाय, मुँह आवै तब आपन आय", किसानों के अनुभव और दर्द को व्यक्त करने वाली यह कहावत आज के हालातों में सटीक बैठती है। लगातार हो रही बारिश ने अनूपपुर जिले के खेतों में खड़ी धान की फसल को संकट में डाल दिया है। धान की बालियां झुक चुकी हैं, फसल कटाई के लिए तैयार है, लेकिन आसमान से बरसते पानी ने खेतों को कीचड़ में बदल दिया है। किसानों की मेहनत से लहलहाते खेत अब चिंता का कारण बन गए हैं। पानी से भरे खेतों में फसल सड़ने लगी है, जिससे उपज पर भारी असर पड़ने की आशंका है। मौसम विभाग की ओर से अगले कुछ दिनों तक बारिश की संभावना जताई जा रही है, जिसने किसानों की नींद उड़ा दी है। अनूपपुर, कोतमा, जैतहरी, देवहरा, डूमरकछार, राजेन्द्रग्राम, अमरकंटक बिजुरी सहित आसपास के क्षेत्रों के किसानों का कहना है कि इस बार फसल बेहद अच्छी थी, लेकिन अब बे-मौसम बारिश ने मेहनत पर पानी फेरने का डर पैदा कर दिया है। किसानो ने कहा कि "सालभर की मेहनत का फल खेत में लटक गया है, अगर बारिश नहीं रुकी तो फसल काटने लायक नहीं बचेगी।" महंगाई ने भी किसानों की चिंता को दोगुना कर दिया है। खाद, बीज, डीजल और मजदूरी के बढ़ते दाम पहले ही जेब ढीली कर चुके हैं, ऊपर से फसल खराब होने का खतरा उनके सामने आर्थिक संकट खड़ा कर रहा है। खेती हमेशा से जोखिम का धंधा रही है, लेकिन इस साल की लगातार बारिश ने यह साबित कर दिया कि जब तक फसल घर के गोदाम में नहीं पहुँचती, तब तक किसान की मेहनत अधूरी रहती है। "खड़ी खेती, गाभिन गाय, मुँह आवै तब आपन आय", यह सिर्फ कहावत नहीं, बल्कि इस मौसम में हर किसान की वास्तविकता बन चुकी है।

# कोयला परिवहन के दौरान दर्दनाक हादसा, विष्णु दत्त द्विवेदी की मौके पर मौत



**हरिभूमि न्यूज़ राजनगर।** रामनगर थाना क्षेत्र के अंतर्गत छत्तीसगढ़ के रायपुर मे पंजीकृत मालयान बिना परमिट के जिले के आमाडांड ओपनकास्ट खदान से बिजुरी साइडिंग तक कोयले का परिवहन करने वाली ऐसी ही एक ट्रक ने गुरुवार दोपहर ग्राम सेमरा के पास एक बड़ा हादसा कर दिया। ट्रक की टक्कर में ग्राम सेमरा निवासी 35 वर्षीय विष्णु दत्त द्विवेदी की मौके पर ही मौत हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, गणेश ट्रांसपोर्ट कि छत्तीसगढ़ पंजीकृत वाहन आमांडाड ओसीएम से कोयला लदा ट्रेलर क्रमांक सीजी 04 एनव्ही 8821 बिजुरी साइडिंग की तरफ जा रहा था। चालक ने वाहन को तेज चलाते हुए सामने से जा रहे बाइक सवार विष्णु दत्त द्विवेदी को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक के परखच्चे उड़ गए और विष्णु दत्त की मौके पर ही मौत हो गई। चालक हादसे के बाद वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया।


### ग्रामीणों का फूटा गुस्सा- हाईवे पर जाम

घटना की जानकारी मिलते ही ग्राम सेमरा एवं आसपास के ग्रामीण बड़ी संख्या में एकत्र हो गए। आक्रोशित ग्रामीणों ने मृतक का शव सड़क पर रखकर नेशनल हाईवे पर चक्काजाम कर दिया। घटना की सूचना पर थाना प्रभारी रामनगर सुमित कौशिक पुलिस बल के साथ मौके पर पहुँचे और स्थिति को संभालते हुए ग्रामीणों को समझाइश दी। पुलिस की मध्यस्थता में वाहन मालिक से संपर्क कर मृतक परिवार को तत्काल 2 लाख रुपये की आर्थिक सहायता राशि दिलाई गई। इसके बाद ग्रामीणों ने जाम समाप्त किया।

### ट्रेलर जब्त, चालक फरार

पुलिस ने हादसे में शामिल ट्रेलर को जब्त कर लिया है, जबकि चालक फरार है। थाना प्रभारी सुमित कौशिक ने बताया कि वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। प्रारंभिक जांच में यह तथ्य सामने आया कि ट्रक का परमिट 2027 तक था, तथा ऑथराइजेशन जुलाई 2025 में खत्म हो गया था। जो दोनों एक दूसरे के पूरक हैं, दोनों का होना अनिवार्य है।

## श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया करवा चौथ का त्योहार



**हरिभूमि न्यूज़ राजनगर।** राजनगर क्षेत्र अंतर्गत रामनगर, डोला, पौराधार, फुलवारी टोला, आमाडांड, बरतराई कालोनी में शुक्रवार को करवा चौथ का त्योहार श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। सुहागिनों ने देर शाम छलनी से चांद और पति का दीदार किया। इससे पहले सुबह से ही सुहागिन महिलाओं ने स्नान-ध्यान कर पूजा की तैयारी शुरू कर दी थी। घरों को सजाया-संवारा गया। पूजा घरों में रंगोली और दीपों से साज-सज्जा की गयी। शाम होते ही महिलाओं ने पारंपरिक वेशभूषा में सोलह श्रृंगार कर करवा चौथ की कथा का श्रवण किया और मंगलकामना की। रात में चंद्रमा के दर्शन के बाद महिलाओं ने चलनी से चांद और पति का दीदार किया। फिर बड़ों का आशीर्वाद लेकर जल ग्रहण किया और व्रत पूरा किया। इसके बाद घरों में बने स्वादिष्ट व्यंजनों का आनंद लिया। कई महिलाओं ने इस शुभ पल को कैमरे में कैद कर अपने परिचितों और रिश्तेदारों के साथ साझा किया। नवविवाहिताओं में इस त्योहार को लेकर खास उत्साह देखने को मिला।

पीएम धन-धान्य कृषि योजना

# आत्मनिर्भरता मिशन के शुभारंभ पर आयोजित किया गया जिला स्तरीय कार्यक्रम



**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** राज्य कोल विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष रामलाल रौतेल ने कहा है कि कृषकों के कल्याण और आत्मनिर्भरता के लिए भारत सरकार व मध्य प्रदेश सरकार द्वारा महत्वपूर्ण पहल की जा रही है। बेहतर कृषि उत्पादकता के माध्यम से कृषक आर्थिक स्वावलंबी बन रहे हैं। कृषकों के उत्थान के लिए कृषि को सरल बनाने के प्रयास भी किए गए हैं जिसका परिणाम है कि उत्पादन क्षमता में वृद्धि हुई है। राज्य कोल विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष रामलाल रौतेल पीएम धन धान्य कृषि योजना और दलहन आत्मनिर्भरता मिशन के शुभारंभ अवसर पर जिला पंचायत सभागार में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

### कृषकों को करेंगे प्रोत्साहित

इस अवसर पर कलेक्टर हर्षल पंचोली, जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती अर्चना कुमारी जिला पंचायत की उपाध्यक्ष श्रीमती पार्वती राठौर, जनप्रतिनिधि गण, बड़ी संख्या में कृषक एवं ग्रामीण तथा पत्रकार व अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित थे। कलेक्टर हर्षल पंचोली ने कहा कि अनूपपुर जिले में कृषि कार्य को कलस्टर के रूप में क्रियान्वयन करने पर पहल की जाएगी। उन्होंने कहा कि उन्नत कृषकों के माध्यम से संगोष्ठी द्वारा अन्य कृषकों को प्रोत्साहित करने का कार्य किया जाएगा तथा कृषि विभाग की योजनाओं के अधिक से अधिक कृषकों को लाभान्वित करने व योजना क्रियान्वयन के लिए विभागीय अधिकारी कलस्टर वार गतिविधि आयोजित कर कृषकों को प्रोत्साहित करेंगे। उन्होंने पीएम धन-धान्य कृषि योजना और दलहन आत्मनिर्भरता मिशन के अनूपपुर जिले मे बेहतर क्रियान्वयन के लिए कृषको का आव्हान किया। उन्होंने कृषि, पशुपालन, उद्यानिकी, मत्स्य विभागों के अधिकारियों को बेहतर कार्य योजना बनाकर पीएम धन-धान्य कृषि योजना और दलहन आत्मनिर्भरता मिशन का बेहतर क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर कृषि वैज्ञानिक परिचर्चा के तहत प्रभारी उपसंचालक कृषि श्रीमती निशा सिन्हा,कृषि विज्ञान केंद्र आईजीएनटीयू अमरकंटक के कृषि वैज्ञानिक अनिल, पशुपालन विभाग से डॉ योगेश दीक्षित, उद्यानिकी विभाग से माखन प्रजापति, मत्स्य पालन विभाग से मत्स्य निरीक्षक श्रीमती वर्षा दुर्गा ने केसीसी संबंधी जानकारी एलडीएम दिनेश निगम व भावांतर योजना से संबंधित जानकारी प्रभारी सचिव कृषि उपज मंडी अनूपपुर बाल गोविंद कोल तथा कृषि विभाग की जानकारी कृषि विस्तार अधिकारी व्हीके गौतम द्वारा दी गई।

### कार्यक्रम का हुआ लाइव प्रसारण

अन्नदाताओं का सम्मान, समृद्ध राष्ट्र का निर्माण के तहत राष्ट्रीय कृषि विज्ञान परिसर पूसा नई दिल्ली में आयोजित पीएम धन-धन कृषि योजना और दलहन आत्मनिर्भरता मिशन के शुभारंभ व कृषि अवसंरचना कोष, पशुपालन, मत्स्य पालन और खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र की 1100 से अधिक परियोजनाओं के उद्‌घघाटन और शिलान्यास कार्यक्रम व भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के लाइव उद्बोधन का सीधा प्रसारण जिला स्तरीय कार्यक्रम में देखा एवं सुना गया।